
पेज -3 पर
पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े ने पटना,डुमरिया क्षेत्र का किया ....

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 280 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, गुरुवार 18 अगस्त 2022

चिरंजीव दास नगर कालोनी की महिलाओं ने उत्साह पूर्वक मनाया आजादी ...
पेज -8 पर


JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


# सीईओ उड़ा रही सूचना अधिकार की धज्जियां

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

लोगों को सही समय में सही जानकारी मिले इसके लिए शासन ने सूचना का अधिकार अधिनियम कानून बनाया है। ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की कोई जानकारी की जरूरत हो तो आवेदन देकर अपना जानकारी ले सकते हैं।



**सूचना के अधिकारी के जहत मांगी गई आवेदन को रखते कचरे के ढेर में**

जिसके लिए शासन ने फ्री भी रखे हैं ताकि जानकारी देने शासन को किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त भार न पड़े। लेकिन धरमजयगढ़ जनपद पंचायत अधिकारी कछवाहा ने जब से प्रभार लिया है तब से सूचना का अधिकार अधिनियम इस कार्यालय के लिए मजाक बन गया है। ऐसा लगता है कि सूचना का अधिकार अधिनियम साहब जी अपने जेब में रखते हैं। इस नियम के तहत जानकारी मांगने पर साहब जी आवेदन का जवाब तक देना उचित नहीं समझते हैं ऐसे हमारे धरमजयगढ़ जनपद पंचायत अधिकारी कछवाहा।

## जनपद पंचायत धरमजयगढ़ द्वारा आज दिनांक तक जानकारी नहीं दी गई

जन सूचना अधिकारी द्वारा सूचना अधिकार के तहत जानकारी समय सीमा में नहीं देने के कारण आवेदक द्वारा 28 जून 2022 को प्रथम अपीलीय अधिकारी जनपद अधिकारी धरमजयगढ़ को अपील किया था लेकिन अपीलीय अधिकारी जनपद पंचायत धरमजयगढ़ द्वारा आज दिनांक तक न तो जानकारी दी गई और न तो किसी प्रकार का कोई पत्र व्यवहार किया है। किस कारण सूचना के अधिकारी के तहत जानकरी नहीं दिया गया। हां इससे तो एक बात साफ नजर आ रहा है कि जनपद पंचायत अधिकारी कछवाहा को सूचना का अधिकार अधिनियम कोई मायने नहीं रखता है। ऐसे आवेदनों को अपने कचरे के ढेर में रखते हैं? अगर ऐसा नहीं होता तो अपीलीय अधिकारी होने के नाते अपने संबंधित कर्मचारी से समय सीमा में जानकारी मंगवाकर आवेदक को जानकारी उपलब्ध करवाते लेकिन साहब तो शासकीय नियम कानून अपने कचरे के ढेर में रखने की आदत है तो फिर आवेदक को जानकारी देने की क्या जरूरत है।

## एक नजर

### स्कूली बच्चों और युवाओं के लिए रोजाना क्विज प्रतियोगिता



**रायपुर।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों, युवाओं और आमजनों की भागीदारी बढ़ाने के लिए क्वीज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के सामान्य ज्ञान पर आधारित रोचक प्रश्न पूछे जा रहे है इन प्रश्नों के सही उत्तर पर प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी दिए जा रहे है। गौरतलब है कि कचहरी चौक स्थित टॉऊन हॉल में आयोजित यह प्रदर्शनी 21 अगस्त तक चलेगी। इस प्रदर्शनी का अवलोकन सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक किया जा सकता है।

# स्कूली छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा शराबी शिक्षक

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में पढ़ाई किस स्तर पर होता होगा, आप सोच भी नहीं सकते शिक्षक शराब के नशे में चूर होकर बच्चों के भविष्य गढ़ने स्कूल जाते हैं।





आज हम बात कर रहे हैं एक ऐसे शिक्षक का जिसका नाम है डानियल टोप्पो। ये नवागांव पंचायत का अश्रित मोहल्ला श्यामपुर के प्राइमरी स्कूल में पदस्थ है। इस स्कूल के शिक्षक टोप्पों शराब पीकर ही स्कूल जाते हैं। शराब खोर शिक्षक से ग्रामीण हमेशा परेशान रहते हैं, ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत कई बार शिक्षा विभाग के अधिकारियों से करने के बाद भी शराबी शिक्षक पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण, 17 अगस्त 2022 को ग्रामीणों ने स्कूल का जायजा लेने पहुंचे तो देखा कि गुरूजी शराब के नशे में इतना चूर है कि अपने कुर्सी में बैठने लायक तक नहीं है, गुरूजी टोप्पो नशे के हालत में क्लास रूम में ही बच्चों के बैठने जगह में सोये हुए हैं, मजेदार बात है कि गुरूजी नशे में चूर होकर सो रहे थे और स्कूली बच्चे स्कूल से नदारत होकर बाहर खेल रहे थे। शिक्षक का हालत देख ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला और ग्रामीणों ने इस शराबी शिक्षक का वीडियों बनाया और मीडिया वालों से सपर्क कर वीडियों शेयर किया। ताकि शराबी शिक्षक पर कार्यवाही हो सके। जब शराब के हलात में शिक्षक स्कूल जायेंगे तो बच्चों की जिंदगी क्या संवारेंगे, ऐसे शिक्षक सिर्फ बच्चों के जिंदगी बर्बाद ही करेंगे। ग्रामीणों ने मांग की है कि शराब के नशे में स्कूल आने वाले शिक्षक पर तत्काल प्राशासन कार्यवाही करें। अगर ऐसे शिक्षिक पर प्रशासन कार्यवाही नहीं करती है तो आने वाले समय में ग्रामीण सड़क पर भी उतर सकते हैं।

> शराब पीकर स्कूल जाना गलत है मैं कल श्यामपुर स्कूल का दौरा करूंगा और यदि शिक्षक शराब के नशे में स्कूल गये हैं तो उन पर नियमानुसर कार्यवाही किया जायेगा।
>
> **- सी.आर. सिदार, खण्ड शिक्षा अधिकारी**

# हाथी ने ग्रामीण को कुचला

कटघोरा वन मंडल में 24 हाथियों का दल मौजूद, विभाग ने जारी किया अलर्ट



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोरबा जिले के कटघोरा वन मंडल में हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई। ग्रामीण जंगल की तरफ जा रहा था। इसी दौरान हाथियों से उसका सामना हो गया। ग्रामीण कुछ समझ पाता उससे पहले ही हाथी ने उसे सूंड से उठाकर पटक दिया और पैरों से कुचल दिया। ग्रामीण की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज के ग्राम खमरिया में हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक पसान फॉरेस्ट रेंज में पिछले कुछ दिनों से 24 हाथियों का दल डेरा जमाए हुए है। रघुवर सिंह जंगल की तरफ जा रहा था, तभी उसका हाथियों से सामना हो गया।

हाथी ने रघुवर सिंह पर अचानक हमला कर दिया। उसे सूंड से उठाकर पटक दिया और पैरों से कुचल कर मार डाला। हाथी काफी देर तक लाश के पास मौजूद रहे। सूचना पर वन विभाग व पुलिस की टीम गांव पहुंची। पुलिस ने शव पीएम के लिए भिजवाया। बता दें कि 24 हाथियों का दल क्षेत्र में लगातार विचरण कर रहा है। हाथियों ने फसलों को भी रौंद दिया है, जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है।

# छत्तीसगढ़ को खेलगढ़ में विकसित करने का जरिया बनेगी पेशेवर मुक्केबाजी- मुख्यमंत्री

भारत के मुक्केबाज विजेंदर सिंह के पंच से घाना के एलियासु सुले परास्त





**रायपुर।** राजधानी का सरदार बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम बुधवार की शाम बॉक्सिंग प्रेमियों के शोर से गूंज उठा। मौका था अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी मुकाबले 'द जंगल रंबल' का। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भी बॉक्सिंग का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को खेलगढ़ में विकसित करने की दिशा में पेशेवर मुक्केबाजी जरिया बनेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को एक खेल राज्य खेलगढ़ के रूप में स्थापित करने का प्रयास जारी है। मुक्केबाज विजेंदर सिंह की पेशेवर लड़ाई इस योजना को और मजबूत करेगी। हमें न केवल लोगों को प्रोत्साहित करना है, बल्कि छत्तीसगढ़ को खेल की महाशक्ति के रूप में पहचान दिलाने के लिए भी तैयारी करनी है।

# नारायणपुर में सर्चिंग पर निकले जवानों को मिली बड़ी सफलता

8 लाख की इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में एंटी नक्सल ऑपरेशन में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। आईटीबीपी, जिला बल और डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की संयुक्त पुलिस पार्टी ने सर्चिंग के दौरान एक संदिग्ध महिला को पकड़ा है। महिला की पहचान पूर्व बस्तर डिविजन के कंपनी नंबर 6 की सदस्य सुखमति कुमेटी उर्फ रीमा के तौर पर पहचान हुई। महिला नक्सली पर राज्य सरकार ने 8 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। महिला नक्सली फोर्स को नुकसान पहुंचाने सहित कई बड़ी वारदातों में शामिल रही है। महिला माओवादी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। एसपी सदानंद कुमार ने बताया कि 16 अगस्त को आईटीबीपी, डीआरजी, जिला पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवान ओरछा थाना से एरिया डॉमिनेशन के लिए ग्राम कोडोली आदेरबेड़ा, मुसनार, कावानार की ओर निकली थी।

# पहली बार बस्तर की फोर्स में 9 थर्ड जेंडर

पुलिस की फाइटर्स फोर्स में हुआ सलेक्शन; बंदूकें लेकर भिड़ेंगे नक्सलियों से



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में बस्तर फाइटर्स फोर्स में 2100 स्थानीय युवक युवतियों का चयन हुआ है। खास बात यह है कि, इस फोर्स में 9 तृतीय लिंग यानी थर्ड जेंडर भी चयनित हुईं हैं। इनमें से 8 कांकेर और 1 बस्तर जिले की हैं। बस्तर में पहली बार थर्ड जेंडर श्रेणी के लोगों की पुलिस में भर्ती हुईं है। अब ये सभी नक्सल मोर्चे पर तैनात होंगी। हाथों में बंदूक उठा नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में जाएंगी।

दरअसल, बस्तर संभाग में नक्सल मोर्चे पर एक नई फोर्स बस्तर फाइटर्स का गठन किया है। इसके तहत संभाग के सातों जिले में 300-300 पदों पर 2100 स्थानीय युवक-युवतियों की भर्ती की गई है। जब भर्ती प्रक्रिया चल रही थी तो उस समय थर्ड जेंडर श्रेणी के 9 लोगों ने जिनमें दिव्या, दामिनी, संध्या, सानू, रानी, हिमांशी, रिया, सीमा और बरखा ने भी आवेदन किया था। हालांकि, आइडेंटिटी समेत अन्य किसी कारण से इनके आवेदन को पहले रिजेक्ट किया गया था। लेकिन, फिर विरोध के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया।

जिसके बाद आवेदन करने में आ रही समस्याओं का निराकरण किया गया। फिर सभी के डॉक्यूमेंट एक्सेप्ट कर लिए गए।

**प्रयोगशाला** — राज्य शासन द्वारा प्रयोगशाला के लिए दी गई 10 एकड़ जमीन

# नया रायपुर में विद्युत उपकरणों की टेस्टिंग के लिए क्षेत्रीय टेस्ट प्रयोगशाला की होगी स्थापना





**रायपुर।** क्षेत्रीय टेस्ट प्रयोगशाला मध्य भारत की सबसे वृहद प्रयोगशाला होगीमुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, बैंगलुरू और छत्तीसगढ़ शासन के मध्य नवा रायपुर में विद्युत उपकरणों की टेस्टिंग के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशाला तथा परीक्षण केन्द्र की स्थापना हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। छत्तीसगढ़ ऊर्जा विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद और सीपीआरआई के एडिशनल डायरेक्टर श्री बी.ए. सावले ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर उर्जा विभाग और केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान को बधाई दी। क्षेत्रीय टेस्ट प्रयोगशाला मध्य भारत की सबसे वृहद प्रयोगशाला होगीनवा रायपुर में केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, बैंगलोर द्वारा स्थापित की जाने वाली क्षेत्रीय टेस्ट प्रयोगशाला मध्य भारत की सबसे वृहद प्रयोगशाला होगी, जिसमें ट्रांसफार्मर, रूटिन टेस्ट, मीटर टेस्टिंग, ऑयल टेस्टिंग एवं समस्त विद्युत उपकरण के रूटिन टेस्ट की सुविधा होगी, वर्तमान में विद्युत उपकरणों की टेस्टिंग के लिए भोपाल भेजा जाता है। छत्तीसगढ़ में यह सुविधा उपलब्ध होने से समय एवं राजस्व में बचत होगी। इस प्रयोगशाला में विद्युत कंपनियों को टेस्टिंग में 20 प्रतिशत की रियायत दी जाएगी। प्रयोगशाला के अंतर्गत ट्रेनिंग सेंटर की भी स्थापना की जाएगी, जिसमें विद्युत कम्पनियों एवं निजी संस्थानों के कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता में वृद्धि होगी। प्रयोगशाला तथा परीक्षण केन्द्र की स्थापना हेतु अटल नगर नया रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नया रायपुर क्षेत्र के लेयर -2 ग्राम- तेन्दुआ, सेक्टर-30 में 10 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया है। प्रयोगशाला की स्थापना का कार्य 20 करोड़ 70 लाख रूपए की लागत से 36 माह में पूर्ण किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ बंजारा समाज के सदस्यों ने की सौजन्य मुलाकात

राज्य शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का व्यक्त किया आभार



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आज यहाँ उनके निवास स्थान में छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ बंजारा समाज के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। समाज के सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री बघेल का राज्य शासन द्वारा संचालित राजीव गांधी किसान न्याय योजना और गोधन न्याय योजना जैसी जनहितैषी योजनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपकी इन योजनाओं से भूमिहीन वर्ग और किसानों को अत्यधिक लाभ हुआ, जिससे खेती अब लाभ का व्यवसाय बन गया है। बंजारा समाज के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के समक्ष समाज के उत्थान के लिए मांगपत्र भेंटकर यथोचित कार्यवाही के लिए निवेदन भी किया। इस अवसर पर समाज के प्रदेश महासचिव श्री मोहन बंजारा एवँ सदस्यगण भी उपस्थित थे।

# संरचनात्मक बदलाव से चूक रहीं महिलाएं, आंकड़े कहते हैं सारी कहानी

पिछले तीन दशकों में भारत में तीव्र आर्थिक विकास, प्रजनन दर में गिरावट और महिलाओं की शिक्षा में वृद्धि के बावजूद महिला कार्यबल भागीदारी दर (कामकाजी महिलाओं का अनुपात) देश में अब भी कम बनी हुई है। वास्तव में, 1987 के बाद से इसमें तेज और लगातार गिरावट देखी गई है। भारत के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में 25 से 60 वर्ष की उम्र की महिलाओं और पुरुषों की कार्यबल में भागीदारी को देखें, तो दोनों के बीच अंतर स्पष्ट है। ग्रामीण और शहरी, दोंनों इलाकों में पुरुषों की कार्यबल में भागीदारी दर महिलाओं की तुलना में काफी ज्यादा है।

इस आयु वर्ग में पुरुष रोजगार दर ग्रामीण क्षेत्रों में 96 प्रतिशत से थोड़ा कम होकर 94 प्रतिशत और शहरी भारत में 94 प्रतिशत से 91 प्रतिशत हो गई है। शहरी भारत में महिला कार्यबल भागीदारी भी 26 फीसदी से घटकर 24 फीसदी हो गई है। हालांकि, महिला रोजगार दर में सबसे बड़ी गिरावट ग्रामीण भारत में आई है, जहां महिला कार्यबल भागीदारी 1987 के 54 प्रतिशत से गिरकर 2017 में 31 प्रतिशत हो गई। मौजूदा शोध से पता चलता है कि 25-60 आयु वर्ग की ग्रामीण महिलाओं के समूह में भी गिरावट मुख्य रूप से उन लोगों में हुई है, जो अभी विवाहित हैं (सभी महिलाओं का लगभग 90 प्रतिशत)।

जनसांख्यिकीय विशेषताओं में बदलाव (घर में विवाहित महिलाओं और पुरुषों की शिक्षा योग्यता में वृद्धि) और बढ़ती घरेलू आय जैसे कारक 1987 से 1999 के दौरान महिला कार्यबल भागीदारी में संपूर्ण गिरावट की व्याख्या करते हैं। महिला शिक्षा और महिला रोजगार के बीच यू-आकार का संबंध और परिवार के पुरुष सदस्यों की शिक्षा या आय और महिला रोजगार के बीच एक नकारात्मक संबंध इस गिरावट को प्रेरित करता है। कृषि क्षेत्र में महिला कार्यबल भागीदारी 1987 के 46 प्रतिशत से गिरकर 2011 में 33 प्रतिशत हो गई और 2017 में और कम होकर 23 प्रतिशत हो गई। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में भी महिला कार्यबल की भागीदारी 3.5 फीसदी से घटकर 2.5 फीसदी हो गई। निर्माण एवं सेवा क्षेत्र अपवाद है, जहां इसमें एक से 1.5 फीसदी की वृद्धि हुई। पुरुष कार्यबल भागीदारी भी कृषि में 1987 के 77 प्रतिशत से गिरकर 2011 में 64 प्रतिशत हो गई, जो दर्शाता है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं की कार्यबल में



महिलाओं की कम आवाजाही उन्हें निर्माण एवं कम-कुशल सेवाओं जैसे गैर-कृषि क्षेत्रों में रोजगार पाने में बाधा उत्पन्न करती है, क्योंकि ये नौकरियां गांव से काफी दूर होती हैं। इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स सर्वेक्षण के रोजगार डाटा से पता चलता है कि 32 प्रतिशत पुरुष गांव से बाहर काम करते हैं, लेकिन केवल पांच प्रतिशत महिलाएं ही ऐसा करती हैं।

भागीदारी कम है। भारतीय कृषि कार्यों में श्रम का लैंगिक विभाजन है। महिला श्रम का उन कार्यों (जुताई) में उपयोग किए जाने की संभावना कम होती है, जिनमें शारीरिक शक्ति की आवश्यकता होती है और उन कार्यों में उपयोग की अधिक संभावना होती है, जिनमें सटीकता (बुवाई, रोपाई और निराई) की आवश्यकता होती है। इसके परिणामस्वरूप कृषि में पुरुषों और महिलाओं के बीच सीमित प्रतिस्थापन क्षमता होती है। जब पुरुष और महिला श्रम अपूर्ण विकल्प होते हैं, तो तकनीकी परिवर्तन के असमान लैंगिक प्रभाव हो सकते हैं, जैसे कि वर्ष 1999-2011 में कृषि मशीनीकरण, मुख्य रूप से जुताई में तीन गुना वृद्धि हुई। मशीनीकृत जुताई में दस फीसदी वृद्धि के कारण महिलाओं के कृषि श्रम उपयोग में पांच प्रतिशत की गिरावट आई, उनके गैर-कृषि रोजगार में कोई वृद्धि नहीं हुई।

कृषि में महिला श्रम की गिरावट के साथ कार्यबल में समग्र और क्षेत्रवार रुझान भारत के लिए चिंताजनक भविष्य का संकेत करते हैं कि महिलाएं संरचनात्मक बदलाव से चूक रही हैं। कृषि कार्यों से बाहर निकलने वाले पुरुषों को अन्य क्षेत्रों (खासकर निर्माण एवं सेवा) में नौकरी मिली है, लेकिन महिलाओं को नहीं। नेशनल सैंपल सर्वे के आंकड़ों से पता चलता है कि घर के पास रोजगार तक पहुंच की कमी महिलाओं को कृषि के बाहर वैतनिक रोजगार पाने की महत्वपूर्ण बाधाओं में से एक है।

महिलाओं की कम आवाजाही उन्हें निर्माण एवं कम-कुशल सेवाओं जैसे गैर-कृषि क्षेत्रों में रोजगार पाने में बाधा उत्पन्न करती है, क्योंकि ये नौकरियां गांव से काफी दूर होती हैं। इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स सर्वेक्षण के रोजगार डाटा से पता चलता है कि 32 प्रतिशत पुरुष गांव से बाहर काम करते हैं, लेकिन केवल पांच प्रतिशत महिलाएं ही ऐसा करती हैं। साथ ही स्नातक से कम शिक्षा उच्च कुशल सेवा क्षेत्र की नौकरियों तक उनकी पहुंच को प्रतिबंधित करती है।

कणिका महाजन

## संपादकीय

### वेंकैया से बड़ी चुनौती धनखड़ की

उप राष्ट्रपति के नाते जगदीप धनखड़ की चुनौतियां पहले दिन से शुरू हो गई हैं। अगर संसद का मॉनसून सत्र समय से चार दिन पहले समाप्त नहीं हुआ होता तो वे इसी सत्र में बतौर सभापति राज्यसभा का संचालन करते। उनको अब यह मौका शीतकालीन सत्र में और नई संसद भवन में मिलेगा। अगर मौजूदा संसद में वे मॉनसून सत्र में सभापति के रूप में काम करते तो संसद की दोनों इमारतों में काम करने का उनका रिकॉर्ड होता।


बहरहाल, उनके उप राष्ट्रपति बनने के साथ ही राजनीतिक घटनाक्रम ऐसा हुआ है कि उनके लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं। उन्हें वेंकैया नायडू के मुकाबले ज्याद मुखर विपक्ष का सामना करना होगा। इसका पहला कारण तो यह है कि लोकसभा के चुनाव नजदीक आ रहे हैं और विपक्ष महंगाई, बेरोजगारी आदि का नैरेटिव बनाने के लिए संसद में शोर-शराबा करेगा। दूसरा कारण यह है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के आठ साल से ज्यादा हो गए हैं तो विपक्ष को भी लग रहा है कि एंटी इन्कंबेंसी बढ़ी है। इसका भी फायदा उठाने के लिए विपक्ष ज्यादा मुखर रहेगा। तीसरा और बड़ा राजनीतिक कारण यह है कि भाजपा की सबसे मुखर आलोचक पार्टी आम आदमी पार्टी है, जिसके सांसदों की संख्या 10 हो गई है। आम आदमी पार्टी का मकसद अपने को सबसे मुखर और भाजपा का मुख्य विपक्षी बनाना है इसलिए उसके सांसदों को संभालना मुश्किल होगा। धनखड़ की चुनौतियां बढ़ने का चौथा कारण जनता दल यू है। उनके पद संभालने से ठीक पहले बिहार में एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ, जिसमें जनता दल यू ने भाजपा से नाता तोड़ लिया।

## चीन ने ब्याज दर घटा कर दुनिया की चिंता बढ़ाई, लेकिन फिलहाल डॉलर को फायदा

*चीन में बढ़ रही आर्थिक मुश्किलों का सीधा फायदा फिलहाल अमेरिकी मुद्रा डॉलर को मिल रहा है। चीन की अर्थव्यवस्था संबंधी आए तमाम नए आंकड़े निराशानजक रहे हैं। इसे देखते हुए चीन ने अपने यहां ब्याज दर में कटौती की है। विश्लेषकों के मुताबिक चीन के इस कदम से अंतरराष्ट्रीय बाजार के संचालकों को हैरत हुई है। जिस समय पूरी दुनिया में ट्रेंड ब्याज दर में बढ़ोतरी का है, चीन ने उलटा कदम उठाया है।*

चीन में औद्योगिक उत्पादन, खुदरा बिक्री, और निश्चित-संपत्ति निवेश (फिक्स्ड-असेट इन्वेस्टमेंट) के नए आंकड़े सोमवार को जारी हुए। ये तमाम आंकड़े अपेक्षा से नीचे रहे। इससे संकेत मिला कि चीनी अर्थव्यवस्था का संकट बढ़ रहा है। इस खबर से दुनिया भर में पहले से मंडरा रही मंदी की आशंका और सघन हो गई है। इसी बीच ही चीन के सेंट्रल बैंक- पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने ब्याज दर में कटौती की घोषणा की है

जानकारों के मुताबिक चीन को जीरो कोविड नीति की महंगी कीमत चुकानी पड़ रही है। देश में अभी भी जगह-जगह कोरोना संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैँ। उन जगहों पर चीनी अधिकारी सख्त प्रतिबंध लागू कर देते हैं। उसका असर आर्थिक गतिविधियों पर पड़ता है। इसका साफ असर



बीते महीनों में अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेडरल रिजर्व ब्याज दर बढ़ाने की नीति पर आगे बढ़ा है। फेडरल रिजर्व ने ये नीति महंगाई पर काबू पाने के लिए अपनाई, लेकिन उस कारण डॉलर में निवेश करना अधिक फायदेमंद हो गया है।

औद्योगिक उत्पादन, खुदरा बिक्री और पूंजी निवेश पर पड़ा है। स्विसकोट नाम की मार्केट एजेंसी में रणनीतिकार इपेक ओज्कारदेस्काया ने अमेरिकी टीवी चैनल सीएनबीसी से बातचीत में कहा- 'निश्चित रूप से चीन में सामने आए खराब आंकड़ों का असर बाकी दुनिया में जारी मंदी संबंधी चिंताओं पर महसूस किया गया है।' उन्होंने बताया कि मंदी की आशंका गहराने के कारण निवेशकों में डॉलर में निवेश का रुझान और तेज हुआ है। इसका खराब असर युआन और यूरो पर देखने को मिला है।

बीते महीनों में अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेडरल रिजर्व ब्याज दर बढ़ाने की नीति पर आगे बढ़ा है। फेडरल रिजर्व ने ये नीति महंगाई पर काबू पाने के लिए अपनाई, लेकिन उस कारण डॉलर में निवेश करना अधिक फायदेमंद हो गया है। निवेशकों का अनुमान है कि फेडरल रिजर्व अभी ब्याज दर बढ़ाना जारी रखेगा। इन्वेस्टेमेंट एजेंसी रिचमॉन्ड फेड के अध्यक्ष थॉमस बार्किन ने बीते हफ्ते कहा था कि फेडरल रिजर्व का यह रुख शायद तब तक जारी रहेगा, जब तक महंगाई दर घट कर दो फीसदी पर नहीं आ जाती है। फिलहाल, ये दर आठ प्रतिशत से ऊपर है। मिजुहो बैंक में निवेश रणनीतिकार केन चेउंग ने सीएनबीसी को बताया- 'कोविड के फैलने और प्रोपर्टी सेक्टर के ढहने से चीनी अर्थव्यवस्था के लिए जोखिम बना हुआ है। इसीलिए महंगाई और बाजार में नकदी की अत्यधिक उपलब्धता संबंधी चेतावनियों के बावजूद पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने ब्याज दर में कटौती की है। उसका मकसद देश में मांग को बढ़ाना है।' जानकारों के मुताबिक इस कदम की वजह से निवेशकों ने युवान से हट कर डॉलर में निवेश शुरू कर दिया है। लेकिन इसका ट्रेंड की मार यूरो समेत दूसरी मुद्राओं पर भी पड़ने का अंदेशा है। विश्लेषकों ने कहा है कि दुनिया भर के वित्तीय और मौद्रिक बाजारों में पहले से ही उथल-पुथल का दौर है। अब चीन के ताजा कदम ने बाजार को एक नया झटका दे दिया है।

अजय बोकिल

## मिला जुला

# निजी बसों में यात्रियों से बदसलूकी और किराया वसूली में मनमानी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

रायपुर से सराईपाली मार्ग पर चलने वाली निजी बसों में अत्यधिक किराया एवं यात्रियों से बदसलूकी अब भी जारी है। बस कंडक्टरों के हौसले इतने बुलंद है कि वे सीधे परिवहन मंत्री एवम कमिश्नर से शिकायत करने की सलाह यात्रियों को देते है।






ज्ञात हो कि विगत छह माह से उक्त मार्ग की यात्री बसो में अत्यधिक किराया एवम दुर्व्यवहार की खबरे प्रकाशन के बाद कुछ बसों पर कार्यवाही अवश्य की जाती है। परन्तु कार्यवाही के तुरंत बाद पुनः बढ़ा किराया वसूलने लगते है। जिससे अब आम लोगो का सरकार के निर्देशों से भरोसा उठ गया है। निजी बसों की मनमानी थमने का नाम नही ले रही है। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा परिवहन मंत्री एवम कमिश्नर के निर्देश के बाद विगत दिनों कुछ बसों पर कार्यवाही की गई थी। परन्तु बस संचालको के हौसले इतने बुलंद है कि वे पूर्ववत मुंहमांगा किराया वसूल कर रहे है। इतना ही नहीं किसी यात्री द्वारा नियम बताने पर उससे बदसलूकी कर रास्ते में ही उतारने की धमकी भी दे रहे है। मंगलवार को भी एक पत्रकार रायपुर से किरण ट्रेवल्स की बस क्र 3177 से पिथौरा लौट रहे थे। उनसे भी किराया 150 रुपये मंगा गया। जब उसने बताया कि किराया 125 रुपये है। तब उन्हें रास्ते में ही उतारने की धमकी भी दे डाली। बस संचालको के मनमाने रवैये के खामियाजा प्रदेश सरकार को आगामी विधान सभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। नियमों की अनदेखी फोर लेन पर उतार रहे महिलाओं को परिवहन विभाग के नियम कायदे रायपुर सराईपाली मार्ग के बस संचालको के सामने धरे के धरे रह जाते है। ये बस संचालक ना तो उच्च अफसरों की बात सुनते और न ही सरकार की। इस मार्ग पर चलने वाली लोकल बसों में किराया 125 का 150, 200 का 250 एवं 100 का 125 खुलेआम वसूल रहे है। इसके बावजूद तुमगांव, पिथौरा, सांकरा एवम बसना के यात्रियों को फोर लेन पर ही उतार कर आगे बढ़ जाते है। इनमें सबसे अधिक परेशानी अकेली महिलाओं एवम बजुर्ग यात्रियों को हो रही है। इसके अलावा लंबी दूरी की बसों के संचालक रास्ते भर सवारी तो उठाते है परन्तु ये किराया दुगुना वसूल कर रहे है। बस संचालको की इस मनमानी से याब आम लोग त्रस्त होकर आगामी विधानसभा चुनाव का इंतजार कर रहे है। वर्तमान में मनमर्जी से बस यात्रियों से किराया वसूलने वाले बस संचालको की बसों के परमिट निरस्त कर नए सिरे से नए बस संचालको को परमिट देने की आवश्यकता है जिससे मनमानी पर लगाम लग सके।

# आज से 1 लाख लोगों को टीकाकरण के लिए शुरू होगा अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पूरे महासमुंद ज़िले में वैश्विक कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ लोगों के बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा और बचाव के लिए कल गुरुवार 18 तारीख़ को कोविड टीकाकरण महाअभियान के तहत एक लाख पात्र लोगों को कोविड की पहली, दूसरी और बूस्टर डोज लगायी जाएगी।



कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों को सभी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। ज़िला स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके लिए खास तैयारियां की गई है। महाअभियान के तहत जिले में 393 सेशन बनाए गए है। जिसमें 393 टीम कार्यरत होगीए जो कोविड टीकाकरण से छूटे हुए लोगों को टीकाकृत करेंगे। इस महाअभियान में एक लाख से अधिक लोगों को टीकाकृत किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसआर बंजारे ने जानकारी दी कि जिले में पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध है। कोविशील्ड, कोवैक्सीन और कॉर्बोवेक्स वैक्सीन की 1,50,000 ढेड़ लाख, वैक्सीन डोज उपलब्ध है। इनमें कोविशील्ड की 1,00,000 डोज, कोवैक्सीन की 40,000 और कॉर्बोवेक्स की 10,000 डोज है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बंजारे ने जिले की जनता से अपील की है कि 18 वर्ष से ऊपर के व्यक्ति अधिक से अधिक निःशुल्क प्रिकॉशन डोज जो आगामी 30 सितम्बर तक ही शासन द्वारा प्रदाय की गई है। का लाभ लेकर कोविड.19 से प्रतिरक्षित करते हुए निकट करीबी व्यक्तियों को भी टीकाकरण हेतु प्रेरित कर अभियान को सफ ल बनाने में अपना योगदान दें। इस टीकाकरण महाअभियान में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों, स्वास्थ्य अमला, मितानिन, और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियो, जनता और ग्रामीणों सहित पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा। जिले के समस्त हितग्राहियों को शत-प्रतिशत टीकाकृत प्रथम, द्वितीय एवं प्रिकॉशन डोज, किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने पर तीन के खिलाफ हुई कार्यवाई

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम भोथलडीह, लिमऊगुडा और ग्राम बाराडोली में आम लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने पर तीन लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 36 सी के अंतर्गत अपराध दर्ज कर कार्यवाही में लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरायपाली पुलिस द्वारा ग्राम भोथलडीह के मेघोबाई तांडी पति आनंद तांडी, ग्राम लिमउगुडा के उत्तम कुमार सीता परदेसी राम साहू तथा ग्राम बाराडोली के सुशील पिता रामलाल चौहान के खिलाफ आम लोगों को शराब पीने के लिए सुविधा उपलब्ध कराने पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## बिहार पॉलिटिक्स : संजय जायसवाल ने बताया
# जेपी नड्डा और अमित शाह से क्या हुई बिहार के नेताओं की बात?

**नई दिल्ली/पटना।** बिहार में एनडीए गठबंधन में टूट के बाद अब सत्ता बदल गई है. राजनीतिक उठापटक के बीच मंगलवार को दिल्ली में बिहार के नेताओं के साथ बीजेपी कोर कमेटी की बैठक हुई। गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। इसमें खास प्लान पर बातचीत हुई। बीजेपी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने




बताया कि बैठक में क्या बातचीत हुई और किन मुद्दों पर चर्चा हुई है।

### '35 से अधिक सीटों को जीतने का लक्ष्य'

मंगलवार की हुई इस बैठक में बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल, रविशंकर प्रसाद, शाहनवाज हुसैन, मंगल पांडेय, जनक राम, नंद किशोर यादव समेत कई नेता मौजूद रहे. संजय जायसवाल ने कहा कि बिहार में महागठबंधन लोगों को धोखा देने का गठबंधन है. बीजेपी इसके खिलाफ सड़क से लेकर विधानसभा तक लड़ेगी. 2024 के लोकसभा चुनाव में 35 से अधिक सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा गया है।

### बड़े संघर्ष के बाद मिली आजादी की कीमत और कर्तव्यों को भी समझना होगा-अग्नि चंद्राकर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

आजादी के अमृत महोत्सव 75 वें सालगिरह पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं विकास निगम अध्यक्ष अग्नि चंद्राकर ने स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी में तथा रायपुर के बीज भवन में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने पौधे भी रोपे एवं देश की आजादी के लिए तथा आजादी के बाद देश की रक्षा के लिए अपना प्राण उत्सर्ग करने वाले अमर सेनानियों, वीर शहीदों और गौरवशाली लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत को प्रगति की राह पर अग्रसर करने वाले महापुरुषों को नमन किया। चंद्राकर ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी हमें बड़े संघर्ष के बाद मिली है। इसकी कीमत हमें समझनी होगी। अपने अधिकार के साथ अपने कर्तव्यों को भी समझना होगा। देश के खातिर जान लुटाने का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता, किंतु एक जागरूक नागरिक के रूप में देश और समाज के प्रति अपना भी दायित्व निभाना होगा। शहीदों के सपनों का हिंदुस्तान बनाने मे हर नागरिक का योगदान हो। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार कर रही है। छत्तीसगढ़ के साथ स्वप्नदृष्टा हमारे पुरखों के समृद्ध और खुशहाल छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार कर रही है।

# बकावंड ब्लॉक विभिन्न ग्राम पंचायत की आवास घर 130 से 200 घर टूट कर क्षतिग्रस्त होने पर विभागीय अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि खामोश क्यों - नीलाम्बर सेठिया

जोहार छत्तीसगढ़-बस्तर।





अधिकार मुक्ति मोर्चा मुख्य संयोजक नवनीत चांद व जिला अध्यक्ष भरत कश्यप व जिला उपाध्यक्ष नीलाम्बर सेठिया नेतृत्व में बस्तर जिला में लगातार भारी बारिश चलते हुए बस्तर विधानसभा विभिन्न ग्राम पंचायत की आवास घर क्षतिग्रस्त होने पर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा टीम गठित कर पहुंचे नीलाम्बर सेठिया बकावंड ब्लॉक के ग्राम पंचायत बकावंड राजनगर बदलावंड सुहासोंड, पहुरबेल, उड़ियापाल, नलपावंड, तुंगापाल, कोसमी, उलनार, पीटापुर बजवांड, गुमडेल, करीतगांव,तारापुर, टलनार, बनीयागांव धोबीगुडा, झारउमरगांव भारदा कुमरावण्ड, बोरिगांव सतलावन्ड व विभिन्न ग्राम पंचायत में अब तक 130 से 200 घर टूटने जनता परेशान हो रहे हैं इस दौरान जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे युवा बस्तर जिला अध्यक्ष नीलाम्बर सेठिया ने विभागीय अधिकारी को सूचना कर मुआवजा की मांग लगातार कर समस्या की समाधान प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा बस्तर जिला उपाध्यक्ष नीलाम्बर सेठिया बकावंड ब्लॉक अध्यक्ष नीलांबर भद्रे ब्लॉक महासचिव भुजबल बघेल, ब्लॉक महामंत्री मितेश बिसाई, मंडल उपाध्यक्ष नोवी निषाद,नरपति बघेल अनाम बघेल उपस्थित थे।

## संतान के दीर्घायु की कामना को लेकर महिलाओं ने मनाया हलषष्ठी पर्व

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



संतान की लंबी उम्र के लिए बुधवार को माताओं ने कमरछठ का व्रत रखा। कमर छठ की तैयारी करने सुबह से ही बाजार में खासी भीड़ रही। छह तरह की भाजियां, पसहर चावल, काशी के फ.ूल, महुआ के पत्तेए धान की लाई सहित पूजा की कई छोटी-बड़ी पूजन की सामाग्री भगवान शिव को अर्पित कर संतान के दीर्घायु जीवन की कामना की।

### माताएं निर्जला रहकर शिव पार्वती की पूजा करती हैं

छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्योहारों में से एक कमरछठ को हलछठ या हलषष्ठी भी कहा जाता है। बिहार में छठ की तर्ज पर इस व्रत को करने वाली माताएं निर्जला रहकर शिव.पार्वती की पूजा करती हैं। सगरी बनाकर सारी रस्में निभाया।

इस मौके पर कमरछठ की कहानी सुनकर शाम को डूबते सूर्य को अर्ध्य देने के बाद अपना व्रत खोलेंगी।

### सगरी बनाकर होगी पूजा

कमरछठ की पूजा के लिए महिलाओं ने गली मोह्ल्ले में मिलकर प्रतीकस्वरूप दो सगरी तालाब के साथ मिट्टी की नाव बनाई और फूल पत्तों से सगरी को सजाकर वहां महादेव व पार्वती की पूजा की। दिनभर निर्जला रहकर शाम को सूर्य डूबने के बाद व्रत खोलेंगी। अछोली निवासी सुमित्रा निषाद, कल्पना साहू, हीरा साहू ने बताया कि यह व्रत संतान प्राप्ति के लिए भी किया जाता है। बिहार में जिस तरह छठ मईया की पूजा होती है उसी तरह छत्तीसगढ़ में कमरछठ का महत्व है जो संतान प्राप्ति और संतान की लंबी उम्र के लिए किया जाता है।

### बिना हल चली चीजों का महत्व

छत्तीसगढ़ तरह की भाजियों के लिए प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ में कमरछठ में भी भाजियों का अपना महत्व है। इस व्रत में छह तरह की ऐसी भाजियों का उपयोग किया जाता है। जिसमें हल का उपयोग ना किया हो। बाजार में भी लोग अलग-अलग तरह की छह भाजियां लेकर पहुंचे। जिसमें चरोटा भाजी, खट्टा भाजी, चेंच भाजी, मुनगा भाजी, कुम्हड़ा भाजी, लाल भाजी, चौलाई भाजी शामिल है।

## कलेक्टर ने निर्माणाधीन कृष्ण कुंज स्थल का किया निरीक्षण

कृष्ण कुंज में सांस्कृतिक महत्व और जीवन उपयोगी पौधे जैसे कदम्ब, पीपल, नीम, बरगद, सहित अन्य प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार जिले में चिन्हांकित स्थलों में कृष्ण कुंज विकसित किया जा रहा है। जहां सांस्कृतिक महत्व और जीवन उपयोगी पौधे जैसे कदम्ब, पीपल, नीम, बरगद, आम, ईमली, गंगा ईमली, जामुन, बेर, गंगा बेर सहित अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाएगा। इसी कड़ी में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बैकुंठपुर के रामपुर में कृष्ण कुंज के लिए चिन्हांकित स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को कृष्ण कुंज के स्थापना के संबंध में आवश्यक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने वनमण्डल अधिकारी बैकुंठपुर ऐमूतेम्सु आओ, सीईओ जिला पंचायत कुणाल दुदावत के साथ परिसर का अवलोकन करते हुए पौधरोपण की तैयारियों का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित वनविभाग के अनुविभागीय अधिकारी को समय पर सभी तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुसार पूरे राज्य में कृष्ण कुंज विकसित किए जा रहे हैं। चिन्हाकित स्थलों में वातानुकूलित पौधों सहित सांस्कृतिक महत्व के पौधे रोपित किए जा रहे हैं। आगामी 19 अगस्त के कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर पौधे लगाए जाएंगे। जिले में कृष्ण कुंज हेतु कुल 07 स्थानों का चयन किया गया है। हर कृष्ण कुंज में 450-450 पौधे लगाए जाएंगे। शासन के निर्देशानुसार मुख्य रूप से पीपल, कदम्ब, नीम आम, गंगा बेर, इमली सहित अन्य प्रजाति के पौधों का रोपण किया जा रहा है।

## पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े ने पटना,डुमरिया क्षेत्र का किया भ्रमण

डुमरिया साप्ताहिक बाजार में लगाई चौपाल, ग्रामीणों से की मुलाकात

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

पूर्व केबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े आम लोगों से रूबरू होने के लिये क्षेत्र का लगातार भ्रमण कर रहे हैं। शहरी व ग्रामीण जनता से मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण भी कर रहे हैं। इसी तारतम्य में उन्होंने मंगलवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत पटना क्षेत्र का दौरा किया। पूर्व मंत्री राजवाड़े इस दौरान डुमरिया पहुंचे। उन्होंने भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े के साथ डुमरिया साप्ताहिक बाजार का भ्रमण कर ग्रामीणों से मुलाकात की। तथा उनका हालचाल जाना। इस दौरान ग्रामीण उनसे सहज भाव से मिले और अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। बाजार भ्रमण के बाद उन्होंने एक स्थानीय दुकान में चौपाल लगाई, और लोगों से भेंट मुलाकात की। राजवाड़े को अपने बीच देख कई लोगों ने उन्हें अपनी समस्याओं के बारे में बताया। जिस पर उन्होंने तत्काल अधिकारियों से मोबाईल पर चर्चा कर उनकी हरसम्भव मदद की। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े, मंडल महामन्त्री श्रीराम राजवाड़े, भाजपा कार्यकर्ता विनोद राजवाड़े, कमलेश साहू, प्रदीप गुप्ता तथा ग्रामीण जन उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अमृत महोत्सव का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।




एचवी संस्कार महाविद्यालय रजौटी सीतापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम रासेयो के छात्रों द्वारा प्रात: 8 बजे तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रीय एकता का संदेश ग्रामीण जनों को दिया उसके बाद महाविद्यालय परिसर में डॉ. रोहित बरगाह कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीतापुर के मुख्य अतिथि व डॉ. प्रवीण साहू डॉ. धीरज के विशिष्ट अतिथि में ध्वजारोहण कर सलामी लिया गया तथा रासेयों स्वयंसेवको को आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में व्याख्यान देकर देश में बलिदान देने वाले नवयुवकों एवं देशवासियों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एसके श्रीवास्तव प्राध्यापक राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर के मार्गदर्शन से महाविद्यालमा परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के सभी अतिथियों का स्वागत रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कु संघ प्राध्यापक जीवविज्ञान बबीता कुशवाहाश्ने पुष्पगुच्छ से किया तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम की सांस्कृतिक प्रभारी कु. रंजना खेस में किया सहा. प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र ने किया ।

इस अवसर पर सभी अतिथियों, छात्रों एवं ग्रामीण बच्चों का आत्मीय स्वागत महाविद्यालय की साहित्यकला प्रभारी खलखो सा. प्राध्यापक हिन्दी ने रासेयो बैच लगाकर किया। कु.सुनीता मुख्य अतिथि डॉ रोहित बरगाह ने सभी छात्रों को एनएसएस डायरी एवं बैच में निहित सामाजिक उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रासेयो विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है जिसके प्रेरक पुष्प स्वामी विवेकानंद हैं। इस अवसर पर वीकॉम प्रथम वर्ष,एमएससी प्राणीशास्त्र, एमएससी, वनस्पतिशास्त्र, बी एवं बीससी प्रथम वर्ष के सभी छात्रों ने भाग लिया तथा देश भक्ति गीत, नाटक, निबंधलेखन प्रतियोगिता आदि के माध्यम से अमृत महोत्सव के बारे में सभी को बताया गया अंत में सभी अतिथियों का आर्थिक आभार रविशंकर प्रधान प्राचार्य एच वी संस्कार महाविद्यालय ने किया।



## एक नजर

### संयुक्त जिला कार्यालय में लगा कोविड टीकाकरण कैंप

अधिकारी कर्मचारियों को लगाई गई बूस्टर डोज

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



संयुक्त जिला कार्यालय में आज स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष के समीप लगाए गए इस टीकाकरण शिविर में समस्त कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी, जो कोविड बूस्टर डोज के लिए पात्र हो चुके हैं। उन्होंने बूस्टर डोज लगवाया। गौरतलब है कि कलेक्टर हरिस एस द्वारा समस्त विभाग प्रमुखों को बूस्टर डोज लगवाने हेतु शेष अधिकारी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से बूस्टर डोज लगवाने के निर्देश दिए है। इसी अनुक्रम में आज संयुक्त जिला कार्यालय में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया।

### गौरवपथ में गायों का हो रहा जमावड़ा नपा कर रही अनदेखी-लक्ष्मण मंडावी

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के नगर अध्यक्ष लक्ष्मण मंडावी ने गौरव पथ और जिला अस्पताल सड़क पर गायों के जमावड़ा से हो रहे परेशानियां को देखते हुए नगर पालिका सीएमओ कोर्राम को ज्ञापन सौंपा कर अवगत कराया। सुकमा के मुख्य मार्गों पर गायों के कारण हो रहे समस्या के कारण कई बार बाइक सवार लोगों का दुर्घटना तक हो गया है। एक ओर जिला अस्पताल सड़क पर काफी तादाद में गाय सड़कों पर बैठे रहते हैं जिससे एमरजेंसी में हमेशा एंबुलेंस को बहुत परेशानियां का सामना करना पड़ता है।

गायों को सड़क से हटाकर गौठान में रखा जाए और गायों के मालिकों के खिलाफभी कारवाई होनी चाहिए। जो गायों को छोड़ देते हैं शायद उन्हें कोई चिंता भी नहीं रहती है। मंडावी ने कहा नगरपालिका के द्वारा गायों को सड़कों से नहीं हटाने पर ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के नेतृत्व में जल्द ही सड़क पर गायों को लेकर चक्काजाम किया जायेगा।

### उत्साह पूर्वक मनाया गया हलषष्ठी पर्व,संतान प्राप्ति व उनके दीर्घायु सुखमय जीवन की कामना के लिए माताओं ने रखा व्रत

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



कमरछठ का पर्व मनाया जा रहा है। इस पर्व को लेकर महिलाओं में बेहद उत्साह रहता है ।यह पर्व भाद्र माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। संतान प्राप्ति व उनके दीर्घायु सुखमय जीवन की कामना के लिए माताएं इस व्रत को रखती हैं। हलषष्ठी माता की छह कहानी को कथा के रूप में श्रवण करती हैं। रतनपुर में भी अलग अलग जगहों पर बड़े ही उत्साह व उमंग के साथ यह पर्व मनाया गया। कैराहापारा तंबोली परिवार में सभी व्रती महिलाओं ने साथ मिलकर श्रध्दापूर्वक गौरी गणेश, कलश व हलषष्ठी देवी की घर के आंगन में सगरी बनाकर जल भरकर पूजा की। महेश्वरी तंबोली नेबताया कि इस व्रत इस दिन हम सुबह महुआ पेड़ की डाली का दातून करके स्नान करती है। व्रत के दौरान महिलाएं इस दिन भैंस दूध की चाय पीती है और दोपहर के बाद घर के आंगन में या गांव के चौपाल में सगरी बनाकर जल भरकर पूजा-अर्चना करते हैं। साड़ी आदि सुहाग की सामग्री चढ़ाती है। पूजन के बाद माताएं अपने संतान के पीठ पर हल्दी से भीगा हुआ पोता मारते हैंए जो माता द्वारा दिया गया रक्षा कवच का प्रतीक है।

## बाल सम्प्रेक्षण गृह में हुआ लाइफ स्किल ट्रेनिंग का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जगदलपुर।



संप्रेक्षण गृह में रह रहे किशोरों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जगदलपुर स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में लाइफ स्किल ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर 27 किशोरों को उनके जीवन में सकारात्मक सुधार लाने के लिए बेहतर जीवन कौशल के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से संप्रेक्षण गृह में रह रहे किशोरों को जीवन के संघर्षों और जीवन में आने वाली चुनौतियों से निपटने के साथ साथ तनाव को कम करने के गुण भी बताए गए। इस सम्बन्ध में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर ऋषभ साव ने बताया। बच्चों का विकास उसके व्यक्तित्व के संपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रखते हुए किया जा सकता है। यही वजह है कि किशोरों में जीवन कौशल प्रशिक्षण की बड़ी अहमियत होती है। जीवन कौशल शिक्षा परेशानियों से जूझने और संघर्ष करने का हौसला देती है। इस सम्बंध में स्पर्श क्लीनिक की क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मोनिका द्वारा संप्रेक्षण गृह में रह रहे किशोरों के साथ मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर चर्चा कर जीवन कौशल के बारे में बताया गया। साथ ही मन में आ रहे बदलाव से पूर्व मिलने वाले संकेतों के बारे में भी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम आयोजन के दौरान क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मोनिका ने जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को बताया एक अच्छा जीवन जीने के लिए हमें अपने जीवन में कुछ नियम बनाने होंगे वही नियम हमारे जीवन कौशल को बेहतर करेंगे। दिन प्रतिदिन रोजमर्रा की जिंदगी में होने वाले तनाव व परेशानियों का सामना करते हुए बेहतर उपाय कर जीवन को अच्छे तरीके से जीना सीखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिये जीवन कौशल प्रशिक्षण अति आवश्यक है।

## कलेक्टर ने हायर सेकंडरी स्कूल बुड़ार का किया औचक निरीक्षण, हमेशा की तरह बच्चों को पढ़ाने से रोक ना सके

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विकासखण्ड बैकुण्ठपुर भ्रमण के दौरान पतरापाली गौठान का निरीक्षण किया। उन्होंने गौठान में गोबर खरीदी की जानकारी ली तथा नियमित रूप से खरीदी जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं से गौठान में संचालित आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली। महिला समूह द्वारा अन्य आजीविका शुरू करने की मांग पर कलेक्टर ने यहां मुर्गी पालन शुरू किए जाने की बात कही। इसी तरह उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कर रही महिलाओं से भी विक्रय तथा लाभ पर चर्चा की। कलेक्टर शर्मा ने निरीक्षण के दौरान गौठान में चारागाह तथा पौधारोपण की भी जानकारी ली। गौठान में आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने डबरी निर्माण हेतु कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि डबरी निर्माण से यहां पानी की समस्या निराकृत होगीए वहीं निर्माण कार्य में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही महिलाओं द्वारा मछली पालन का कार्य किया जा सकेगा। जो अतिरिक्त आय का साधन होगा। इस दौरान सांईओ जिला पंचायत कुणाल दुदावत एवं खंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने हायर सेकंडरी स्कूल बुड़ार का किया औचक निरीक्षण, हमेशा की तरह बच्चों को पढ़ाने से रोक ना सके

निरीक्षण की कड़ी में कलेक्टर शर्मा हायर सेकंडरी स्कूल बुड़ार पहुंचे। यहां उन्होंने 12वीं कक्षा के बच्चों से मुलाकात की। बायोलॉजी की कक्षा में वर्णान्धिता के विषय पर पढ़ रहे बच्चों से कलेक्टर ने सवाल पूछे। बच्चों ने भी बेहिचक जवाब दिए। इस बीच शर्मा ने भी बच्चों को उक्त विषय को आसानी से समझने में मदद की।



### जिले में गिरदावरी शुरू, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

*जिले में गिरदावरी का कार्य शुरू किया जा चुका है। गिरदावरी स्थल पर पहुंचकर कलेक्टर शर्मा ने अपने समक्ष कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित राजस्व अधिकारियों को त्रुटि रहित वास्तविक गिरदावरी पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।*

# पच्चीस सौ बेरोजगारी भत्ता के लिये भाजयुमो का सड़क में प्रदर्शन

## राज्यपाल के नाम ज्ञापन में कहा भूपेश सरकार अपने वादों से मुकर गई

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा ने आज बेरोजगारी भत्ता को लेकर बजरंग चौक में घंटों धरना दिया। धरने में भाजयुमो जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप सहित पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी, भागीरथी मांझी रामरतन मांझी भी शामिल हुये।








वही इस विधान सभा स्तरीय धरना प्रदर्शन में मोर्चा के चारों मण्डल अध्यक्ष जगमोहन पटेल, पेकूराम नागेशज उपस्थित थे। धरना स्थल से पूर्व विधायक मांझी ने भुपेश सरकार पर तीखे प्रहार करते हुये कहा छग की ऐसी बदहाली कभी नहीं हुई थी। किसान से लेकर मजदूर तक सरकार के कामकाज से खुश नहीं है वही मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने सरकार को लबरा सरकार कहा। भाजयुमो के इस धरना प्रदर्शन में युवा मोर्चा से जितेन्द्र मांझी, हेमंत नागेश, गोहरापदर भाजपा मण्डल अध्यक्ष गुरूनारायण तिवारी देवभोग के लुद्रास साहू और झाखरपारा के सीताराम यदु सहित चन्दारप्रकाश साहू, तेनसिंग मरकाम, कुंजबिहखरी बेहरा, सूर्यमन यादव, संजय साहू, महिला मोर्चा से योगनिता मांझी, शीतला पाण्डेय, नेहा सिंघल भी शामिल हुए।

### राज्यपाल के नाम ज्ञापन में बेरोजगारी भते की मांग

युवा मोर्चा ने छग की सरकार को चुनाव के समय किये वादो का याद दिलाते हुए सरकार पर बरोजगारी भत्ता नहीं देने कि आरोप लगाया है। इन्होंने राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में 27 सौ प्रतिमाह के हिसाब से साढे पांच अरब रूपये दिलवाने की मांग की है। मालूम हो कि कांग्रेस ने चुनाव के वक्त अपने घोषणा पत्र में सरकार आने पर युवाओं को 25 सौ रूपये बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था जो आज साढ़े तीन साल में भी पूरी नहीं कर सकी।

### नारेबाजी करते एसडीएम को ज्ञापन सौपने आये युवाओं को पुलिस ने रोका

युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पहले घंटों तक बजरंग चौक पर धरना दिया दिये, एल्टीमेटम के अनुसार एसडीएम कार्यालय के घेराव के बाद ज्ञापन सौंपना था पर आज वीडियों काम्फ्रेंस होने के वजह से एसडीएम स्थानीय अधिकारीयों के साथ जनपद सभाकक्ष में बैठक में शामिल थी। उसके बाद मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता जब रैली के रूप में एसडीएम को ज्ञापन सौपने आये तो पुलिस प्रशासन भी पहले से रोकने की तैयारी कर ली थी और उन्हें सभाकक्ष तक जाने नहीं दिया। इस बीच पुलिस और मोर्चा कार्यकर्ताओ के बीच धक्का मुक्की भी हुआ।

### बैठक छोड़ एसडीएम ने मोर्चा से ज्ञापन लिया

*मोर्चा के कार्यकर्तायों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया तब एसडीएम सुश्री अर्पिता पाठक बैठक छोड़ बाहर निकल कर मोर्चा से ज्ञापन लिया और महामहिम राज्यपाल को त्वरित प्रेषित करने आश्वस्त किया है। ज्ञापन सौपने के बाद मोर्चा जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप और पूर्व विधायक मांझी ने कहा राज्य की जनता सरकार के झूठे वादे को समझ गयी है आने वाले चुनाव मे जनता सबक सिखायेगी।*

# राधेल अपने खेतों में कर रहा वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



केंद्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत बेमेतरा जिले के विकासखंड नवागढ़ के ग्राम कुंरा के कृषक राधेलाल सोनऊ के खेत में कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आरके चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में गोधन न्याय योजना अन्तर्गत 5 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद नि:शुल्क वितरण धान खेत किस्म महामाया में प्रदर्शन हेतु किया गया। जिसका 2 एकड़ मे बुवाई के समय उपयोग किया गया। लगभग 2 माह पश्चात कृषक राधेलाल द्वारा बताया गया कि पूर्व वर्ष की तुलना में खेत की मिट्टी अन्य खेत की तुलना में नर्म हुई है एवं भूमि की जल धारण क्षमता में वृद्धि हुई है सूखे की स्थिति होने पर भी खेत में नमी संचित है एवं धान की फसल अन्य क्षेत्र की तुलना में अधिक हरी दिखाई दे रही है एवं कीट व्याधि का प्रकोप कम हुआ है। एवं कृषक द्वारा वर्मी कंपोस्ट उपयोग करने पर वर्तमान फसल में लाभ दिखने पर आगामी वर्ष में अपने सम्पूर्ण खेत में वर्मी कम्पोस्ट खाद का उपयोग करने हेतु रुचि जताई गई। कृषक राधेलाल वर्मी कम्पोस्ट उपयोग के लाभ से संतुष्ट हैं।

# जि.पं. सीईओ ने बैठक लेकर लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लीना कमलेश मण्डावी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की समीक्षा बैठक लेकर विभागवार लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।



इस दौरान उन्होने महिला समूहों द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादो को बढावा देने तथा महिला समूहों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनानेए सी.मार्ट में उपलब्ध होने वाले उत्पादों की लिस्ट तथा उत्पादों की मूल्य आदि के बारे में जानकारी लेकर क्रय करने के निर्देश दिए। साजा विकासखण्ड के ग्राम महीदही भैंसामुड़ा में महिला समूह द्वारा निर्मित अरहर दाल की खपत स्कूल, छात्रावास, आंगनबाड़ी, अस्पताल, उप जेल बेमेतरा में करने के निर्देश दिए।

# समाज को सांप्रदायिक आधार पर विभाजित करने और जातिवादी आधार पर गढ़ने में लगी है भाजपा

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।






मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह समाज को सांप्रदायिक आधार पर विभाजित करने और जातिवादी आधार पर गढ़ने में लगी है, जो भारतीय समाज को आधुनिकता के बजाय पिछड़ेपन के गड्ढे में धकेलने का ही काम करेगी। आज यहां जारी एक बयान में माकपा राज्य सचिव मंडल ने बिलकिस बानो सामूहिक हत्याकांड के आरोपियों को गुजरात सरकार द्वारा छोड़े जाने और राजस्थान के जालोर में संघ संचालित एक स्कूल में सवर्ण शिक्षक के लिए कथित रूप से आरक्षित एक घड़े से इंद्र मेघवाल नामक एक दलित बच्चे द्वारा पानी पी लेने से शिक्षक द्वारा उसकी निर्मम पिटाई के बाद हुई दलित बच्चे की मौत की तीखी आलोचना की है। पार्टी ने कहा है कि ये दोनों घटनाएं बताती है कि महिलाओं और दलितों के प्रति संघी गिरोह और भाजपा का वास्तविक रूख क्या है। माकपा राज्य सचिव संजय पराते ने कहा है कि मुस्लिम महिलाओं की मुक्ति का शोर मचाने वाली भाजपा का असली चेहरा सामने आ गया है, जहां गुजरात मे भाजपा सरकार ही सामूहिक बलात्कार के कोर्ट द्वारा सजायाफ्ता अपराधियों की सजा माफ कर बरी करती है और जेल के प्रवेश द्वार पर ही ऐसे अपराधियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया जाता है। संदेश यही है कि संघ-भाजपा के हिंदू राष्ट्र में अल्पसंख्यक महिलाओं का बलात्कार जायज है। यह समाज को सांप्रदायिक आधार पर बांटने की राजनैतिक चाल है, जिसकी माकपा कड़ी निंदा करती है और सर्वोच्च न्यायालय से इस मामले का स्वत: संज्ञान लेने की अपील करती है। माकपा नेता ने कहा कि जालोर की घटना दिखाती है कि संघी स्कूलों में बच्चों को भारतीयता के नाम पर किस तरह की शिक्षा दी जा रही है और वहां पढ़ने वाले बच्चों का किस तरह जातिवादी उत्पीड़न हो रहा है। वास्तव में संघ भाजपा नई शिक्षा नीति के नाम पर निजीकरण की नीति और मनुवादी सवर्ण मानसिकता को देश की आम जनता पर थोपना चाहती है, ताकि कॉर्पोरेट मुनाफे को कोई आंच न आएं। पार्टी ने कहा है कि मोदी राज में दलित आदिवासियों को प्राप्त संवैधानिक प्रावधानों व कानूनी सुरक्षा को जिस तरह सुनियोजित रूप से कमजोर किया गया है, उसके नतीजे में सामाजिक आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों पर बड़ी तेजी से अत्याचार बढ़ रहे हैं। माकपा ने कहा है कि असल में भाजपा एक आधुनिक वैज्ञानिक चेतना से लैस भारत की जगह मनुवाद पर आधारित एक बर्बर, मध्ययुगीन भारत का निर्माण करने की फासीवादी परियोजना पर अमल कर रही है। माकपा ने आम जनता से अपील की है कि भारत को पीछे ले जाने वाली संघ भाजपा की परियोजनाओं को शिकस्त दें।

## एक नजर

### तेज रफ्तार वाहन चालकों पर चलानी कार्यवाही किया

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



जिले में यातायात पुलिस के द्वारा लगातार वाहन चालकों से यातायात नियमों के पालन करने के संबंध में समझाइश दिया जा रहा था। किंतु यातायात नियमों के पालन नहीं करने वाले ऐसे तेज रफ्तार वाहन चलाने एवं हेलमेट नहीं पहनने पर 13 वाहन चालकों पर 3900 रुपया मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया एवं भविष्य में पुनर्विती करने पर कड़ी कार्यवाही करते हुए प्रकरण न्यायालय भेजने की समझाईश दिया गया चलानी कार्यवाही में यातायात प्रभारी संजय सूर्यवंशी, सहायक उप निरीक्षक विजय मंडावी प्रधान आरक्षक जगदेव मंडावी,रामेश्वर नेताम नंदलाल नेताम, राजेश पुजारी एवं प्रवीण चापड़ी शामिल थे।

### मेडीकल कालेज में मना स्वतंत्रता दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-राजनांदगांव।



भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति मेडिकल कालेज अस्पताल में आजादी के अमृत महोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक श्री डॉ. प्रदीप बेक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। डॉ. प्रदीप बेक ने उपस्थित सभी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात सुरजीत जोशी के नेतृत्व में सफ ाई कर्मचारियों द्वारा अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रदीप बेक को ससम्मान स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अश्वनी राजपूत, श्रीमला विमला साहू, वंदना बाई, भगवती लहरे, बुधंतीन साहू, नंदिनी यादव, सरोज देशपांडे, आरती मारकंडे, हरिदास मानिकपुरी, अरुण घोड़ेसवार, राजेश देशपांडे, कमल निषाद, दिलीप, हेमंत जोशी, मनमोहन निर्मलकर सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### भाई-बहन में मारपीट वजह जमीन पर हकदारी का

* दोनों की रिपोर्ट पर एक दूसरे के खिलाफ अपराध दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जमीन पर हक को लेकर भाई-बहन में मारपीट हो गई। दोनों पक्ष ने सिटी कोतवाली पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। परसदा निवासी पंकज चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि खसरा नं 295, 305, 307, 313, 447 वर्तमान में उनके नाम पर है। जिसे उनकी बहन लीना चंद्राकर अपने नाम की बंटवारे की जमीन कहती है। जिसका प्रकरण एसडीएम एवं सिविल न्यायालय महासमुंद में चल रहा है। उक्त जमीन में उनके पूर्व से कृषि कार्य करते आ रहा है। इस वर्ष भी धान बोवाई की है। उक्त खेत में बहन लीना और उनका पति संजय मंगलवार सुबह 9 बजे ट्रैक्टर से मताई कार्य करा रहे थे। उन्होंने मना किया तो गाली.गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की। उनके छोटे भाई टिकेन्द्र के साथ भी मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष से रमनटोला निवासी लीना चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि उसे पैतृक सम्पत्ति से न्यायालय तहसीलदार द्वारा फर्द बंटवारा कर लगभग 2 एकड़ जमीन मिली है। मंगलवार को वह अपनी कृषि भूमि को ट्रैक्टर से मताई कराने गई थी। उसी समय पंकज चंद्राकर एवं टिकेन्द्र चंद्राकर ने आकर मारपीट की और गला दबा दिया था। बीच.बचाव करने आए उनके पति के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों मामलों में धारा 294, 323, 34, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

# एनएसयूआई नवागढ़ महाविद्यालय में रोज लगा कर हेल्फडेस्क सैकड़ों छात्र-छात्राओं की कर रही मदद

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



नवागढ़ विधानसभा का एकमात्र महाविद्यालय शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रवेश प्रारंभ से अंतिम दिनों तक बारह दिनों से लगातार हेल्पडेस्क लगा कर नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं व अन्य कक्षाओं के छात्र छात्राओं का प्रवेश संबंधी समस्याएं जैसे दस्तावेज क्रम से जमा करना प्रवेश फार्म भरने में व अन्य किसी भी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी देना जिसके लिए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई ने जब से प्रवेश का प्रथम लिस्ट निकला है तब से प्रवेश के अन्तिम 16 अगस्त 22 तक तक हेल्पडेस्क लगा कर सैकड़ों छात्र-छात्राओं की समस्या का समाधान कर रही हैं जिसके लिए एनएसयूआई की पुरी टीम लगातार हर मौसम में डटी है की किसी भी छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए बारिश से लेकर अन्य मौसम में भी हेल्फ डेस्क लगता रहा है जिसमें मुख्य रुप से महाविद्यालय मीडिया प्रभारी व भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के पूर्व शहर अध्यक्ष परमेश्वर पात्रे एनएसयूआई सक्रिय कार्यकर्ता शिखा गेडाम अजीत चतुर्वेदी विजय चतुर्वेदी निखिल चौबे सुमन साहू अनिल घृतलहरे आदि लोग शामिल रहे अंत में परमेश्वर पात्रे ने बताया की हेल्पडेस्क लगाने का मूल उद्देश्य महाविद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं के विभिन्न समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से हेल्पडेस्क लगाया गया है जिसमें छात्र-छात्राओं को कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ता था व प्रोफेसर लोग के पास जाने के लिए कई छात्र-छात्राएं कतराती थी। जिसके लिए हेल्पडेस्क लगाकर छात्र-छात्राओं की हर प्रश्नों का उत्तर दिया जाता है व उनके समस्याओं का समाधान भी किया जाता है पात्रे ने बताया की आगामी हर साल इसी प्रकार हेल्प डेस्क लगाकर छात्र.छात्राओं की सहायता भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के द्वारा की जाएगी जिसमें लिए मैं और मेरी पुरी टीम तैयार रहेंगी यह बात कहां।

# नेता प्रतिपक्ष की कमान सम्हालेंगे नारायण चंदेल

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।

भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में प्रदेशाध्यक्ष को बदलने के बाद आखिरकार अपना नेता प्रतिपक्ष भी बदल दिया है। जांजगीर चांपा के विधायक नारायण चंदेल को छत्तीसगढ़ विधानसभा का नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है।



आज राजधानी में हुई विधायक दल की बैठक में उनके नाम पर पार्टी ने मुहर लगा दिया। भाजपा कार्यालय में विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया और बीजेपी प्रदेश प्रभारी डी.पुरंदेश्वरी ने विधायक दल की मीटिंग में बंद लिफ ाफे से नेता प्रतिपक्ष का नाम निकाला। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक की जगह अब बीजेपी ने नये नेता प्रतिपक्ष के रूप में नारायण चंदेल को चुना है। माना जा रहा है भाजपा में यह सर्जरी मिशन-2023 के चुनावों के मद्देनजर की जा रही है। बताया जा रहा है कि नारायण चंदेल का नाम राष्ट्रीय संगठन के नेताओं के साथ चर्चा के बाद फ ाइनल किया गया है। भाजपा की इसे जातिगत समीकरण सेट करने की कोशिश माना जा रहा है। भाजपा ने बिलासपुर सांसद अरुण साव को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद नारायण चंदेल को नेता प्रतिपक्ष बनाकर ओबीसी चेहरे पर दांव खेला है। अब देखना लाजिमी है कि आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी नीचे स्तर तक के संगठन में किस तरह से फेरबदल करते हुये कार्यकर्ताओं में उर्जा डालने का काम करती है। विधायक दल की बैठक में छत्तीसगढ़ की प्रदेश प्रभारी डी.पुरंदेश्वरी, सहप्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव, पूर्व मुख्यमंत्री रमनसिंह और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल सहित कई नेता शामिल थे। वहीं नेता प्रतिपक्ष की दौड़ में विधायक नारायण चंदेल, अजय चंद्राकर, बृजमोहन अग्रवाल और शिवरतन शर्मा थे। बताते चलें भाजपा में हमेंशा यह भी देखा जाता है कि पार्टी में अचानक से कोई चौंकाने वाला नाम सामने आ जाता है जैसे हाल ही में अरुण साव को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया।

### बदलाव सतत प्रक्रिया है-चंदेल

नेता प्रतिपक्ष के बदलाव के सवाल पर चंदेल ने कहा कि बदलाव सतत प्रक्रिया है। विधायक दल की बैठक में सर्व सम्मति से मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी विधायक साथियों का मैं आभार व्यक्त करता हूं। वहीं नये नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने कहा कि चुनौती के समय मुझे विधायक दल का नेता चुना गया है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की सरकार उखाड़कर फेंकना और आने वाले चुनाव में शान से कमल खिलाना यह हमारी प्राथमिकता है। हम सब टीम के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की दशा और दिशा ठीक नहीं है। झूठे वादे कर जनता का जनादेश कांग्रेस ने पाया है। सरकार के खिलाफ जनाक्रोश है। सदन में हम संख्या में सिर्फ चौदह हैं। लेकिन सरकार को घुटने टेकने पर हमने मजबूर कर दिया। वहीं धरमलाल कौशिक ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार है जिन्होंने मुझे नेता प्रतिपक्ष के रूप में काम करने का मौका दिया। आगे भी जो जिम्मेदारी मिलेगी उसे निभाऊंगा। उन्होंने कहा कि आज नारायण चंदेल के नाम का प्रस्ताव मैंने बैठक में रखा और पुन्नूलाल मोहले ने समर्थन किया। विधानसभा में हमने कई मुद्दों पर सरकार को घेरा है। एकजुटता के साथ हमने काम किया है।

### जिला संयोजक खम्हन तिवारी ने दी बधाई

*नारायण चंदेल को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह एवं जोश का माहौल देखने को मिल रहा है। भाजपा जांजगीर चांपा जिला के तरफ से सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य खम्हन प्रसाद तिवारी ने नारायण चंदेल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की है। तिवारी ने कहा है कि चंदेल के मंशानुरूप हमारी पार्टी के सभी कार्यकर्ता छत्तीसगढ़ से कांग्रेस को उखाड़ फेंकने में अपना सब कुछ न्यौछावर कर देंगे।*

# एक खास प्रोजेक्ट के लिए परिणीति चोपड़ा और हार्डी संधू ने मिलाया हाथ

*परिणीति चोपड़ा बॉलीवुड की सफल अभिनेत्रियों में शामिल हैं। उन्होंने एक से बढ़कर एक कई फिल्मों में काम किया है। हाल में उन्हें कलर्स के शो हुनरबाज को जज करते हुए देखा गया था। अब उनके प्रशंसकों के लिए एक खुशखबरी आई है। कहा जा रहा है कि उन्होंने एक खास प्रोजेक्ट के लिए गायक हार्डी संधू के साथ हाथ मिलाया है। हालांकि, इस प्रोजेक्ट से संबंधिक विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।*

परिणीति ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर इस प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारी दी है। उन्होंने अपना और हार्डी का लुक शेयर करते हुए लिखा, जल्द आ रहा है। चलिए इसे करते हैं। इन दोनों कलाकारों के लुक को देखते हुए कयास लगाया जा रहा है कि उनका यह खास प्रोजेक्ट स्वतंत्रता दिवस से जुड़ा हुआ है। परिणीति ने अपने हैशटैग में तिरंगा, स्वतंत्रता दिवस और भारत को टैग किया है।



खबरों की मानें तो परिणीति और हार्डी एक म्यूजिक वीडियो के लिए साथ आए हैं। परिणीति एक अच्छी गायिका भी हैं, इसलिए लोगों को लग रहा है कि वह हार्डी के साथ एक म्यूजिक वीडियो में गायिका के रूप में नजर आएंगी। टी-सीरीज ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर परिणीति की वही तस्वीर शेयर की है, जिसे अभिनेत्री ने अपने पोस्ट में शेयर किया है। फैंस परिणीति के नए प्रोजेक्ट को लेकर शुभकामनाएं दे रहे हैं।

परिणीति कई फिल्मों में गाने गा चुकी हैं। उन्होंने अपनी फिल्म मेरी प्यारी बिंदू का गाना माना के हम यार नहीं गाया था। इस गाने को करोड़ों लोगों ने अपना प्यार दिया। अभिनेत्री ने फिल्म केसरी के गाने तेरी मिट्टी को अपनी आवाज दी थी।

परिणीति ने 2011 में रणवीर सिंह की फिल्म लेडिज वर्सेस रिकी बहल के साथ डेब्यू किया था। इसके बाद अर्जुन कपूर अभिनीत फिल्म इश्कजादे आई, जिससे उन्हें असली फेम मिला। शुद्ध देसी रोमांस में भी उनके काम की सराहना हुई। वह सूरज बड़जात्या की फिल्म ऊंचाई में नजर आने वाली हैं। वह केसरी के बाद अक्षय की एक और फिल्म में दिखाई देंगी। परिणीति के इम्तियाज अली की फिल्म में काम करने की भी चर्चा है।

हार्डी पंजाबी सिनेमा के लोकप्रिय गायक हैं। उन्होंने तुम बिन 2, बाला और गुड न्यूज जैसी फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेरा है। हार्डी ने फिल्म 83 के साथ एक्टिंग में अपना बॉलीवुड डेब्यू किया है। क्रिकेट पर आधारित इस फिल्म में अभिनेता रणवीर मुख्य भूमिका में थे। बता दें कि हार्डी एक क्रिकेटर रह चुके हैं। दरअसल, एक हादसे के कारण उन्हें क्रिकेट से संन्यास लेना पड़ा था।

# नागा चैतन्य संग ऑनस्क्रीन रोमांस करती दिखेंगी रश्मिका मंदाना !!



साउथ फिल्म इंडस्ट्री के फेमस एक्टर नागा चैतन्य अपनी पर्सनल के साथ-साथ प्रोफेशनल लाइफ के चलते भी चर्चा में बने हुए हैं। अभिनेता को इन दिनों एक के बाद एक फिल्मों के ऑफर आ रहे हैं। बीते दिनों आई रिपोर्ट्स के मुताबिक नागा चैतन्य ने महेश बाबू की फिल्म सरकारू वारी पाटा के निर्देशक परशुराम संग अपकमिंग फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। हालांकि फिल्म को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट होना अभी बाकी है। इस फिल्म के लिए मेकर्स ने एक्ट्रेस की तलाश भी कर ली है। बताया जा रहा है कि नागा चैतन्य के साथ फिल्म ने रश्मिका मंदाना अहम किरदार में दिखाई देंगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म डायरेक्टर परशुराम ने रश्मिका मंदाना का नाम नागा चैतन्य के अपोजिट फाइनल किया है। इस फिल्म में दोनों ऑनस्क्रीन रोमांस करते दिखाई देंगे। मेकर्स हमेशा से ही फिल्म में एक फ्रेश जोड़ी को कास्ट करना चाहते थे। उन्हें उम्मीद है कि इस जोड़ी को ऑनस्क्रीन देखने के बाद फैंस काफी खुश होंगे। अगर सारी चीजें सही होती है तो यह पहली बार होगा जब नागा चैतन्य और रश्मिका मंदाना पहली बार किसी फिल्म में साथ दिखाई देंगे।

पिछले महीने ऐसी अफवाहें थीं कि इस फिल्म का नागा चैतन्य के दादा और अनुभवी अभिनेता अक्किनेनी नागेश्वर राव के साथ एक स्पेशल कनेक्शन होगा। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म का नाम अभिनेता के दादा के नाम पर रखा जा सकता है।

# जुबिन नौटियाल का नया गाना नया प्यार नया एहसास हुआ रिलीज

गायक जुबिन नौटियाल फिल्म मिडिल क्लास लव का उनका गाना नया प्यार नया एहसास रिलीज हो गया है। जुबिन नौटियाल कहते हैं, शायद ही हमें एक युवा कॉलेज एल्बम के लिए गाने का मौका मिलता है।





फिल्म हिंदी फिल्मों के लिए शैली को पुनर्जीवित करती है।निर्देशक रत्ना सिन्हा ने अपने आने वाले मिडिल क्लास लव के लिए इसे रीक्रिएट किया है।

फिल्म के एलबम के पहले गाने का नाम नया प्यार नया एहसास है। गाने को लिखा और गाया है हिमेश रेशमिया ने, और इसे गाया है जुबिन नौटियाल और पलक मुच्छल ने। यह गीत पहले प्यार की पुरानी यादों को वापस लाता है, रोमांस के साथ पहला ब्रश और यह जो आनंदमयी भावनाओं को उद्घाटित करता है।

*निर्देशक रत्ना सिन्हा ने कहा कि हिमेश ने मुझे एक बहुत ही अच्छा एल्बम दिया है जो फिल्म की थीम के साथ तालमेल बिठाता है।मिडिल क्लास लव में प्रीत कमानी, ईशा सिंह, काव्या थापर हैं और इसका निर्देशन रत्ना सिन्हा ने किया है। फिल्म का निर्माण अनुभव सिन्हा के बनारस मीडिया वर्क्स और जी स्टूडियोज द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।*

# नागार्जुन की 'द घोस्ट' की शूटिंग हुई पूरी, 5 अक्टूबर को रिलीज होगी ये फिल्म!

साउथ के सबसे फेमस स्टार्स में से एक नागार्जुन इन दिनों फिल्म ब्रह्मास्त्र को लेकर चर्चा में बने हुए है। इस फिल्म में वो रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ नजर आने वाले है। इसके अलावा नागार्जुन अपनी अपकमिंग फिल्म 'द घोस्ट' को लेकर भी सुर्खियों में छाए हुए है। उनकी इस फिल्म का फैंस काफी लंबे समय से इंताजर कर रहे है। इस फिल्म से जुड़े कई अपडेट सामने आ चुके है। अब खबर आ रही है 'द घोस्ट' की शूटिंग पूरी हो गई है और इस फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है।



साउथ के सुपरस्टार नागार्जुन को बड़े पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी लंबे समय से इंताजर कर रहे है। नागार्जुन जल्द ही अपनी दो फिल्मों से बॉक्स ऑफिस को हिलाने आ रहे है। ब्रह्मास्त्र में वो आलिया और रणबीर के साथ नजर आने वाले है, तो फिल्म 'द घोस्ट' में उनका एक्शन अवतार देखने को मिलने वाला है। नागार्जुन की फिल्म 'द घोस्ट' को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है, इस फिल्म रिलीज डेट सामने आ गई है। इस फिल्म से जुड़ा मेकर्स ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें मूवी की शूटिंग पूरी होने की बात बताई गई है। आपको बता दें कि नागार्जुन की ये फिल्म 5 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में नागार्जुन के साथ सोनल चौहान भी लीड रोल में नजर आने वाली है। तो चलिए देखते है फिल्म के मेकर्स द्वारा शेयर किया गया वीडियो जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

नागार्जुन अपनी अपकमिंग फिल्म 'द घोस्ट' में एक्शन अवतार में नजर आने वाले है, इसकी झलक टीजर में देखने को मिली थी। अब फैंस को 5 अक्टूबर का इंतजार है, जिस दिन वो अपने सुपरस्टार को बड़े पर्दे पर देखेंगे। इस फिल्म को लेकर आपकी क्या राय है, कमेंट कर के हमें जरूर बताएं।

## खेल

5 साल में होंगे 777 इंटरनेशनल क्रिकेट मैच

# 30 साल बाद भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज में होंगे 5 टेस्ट, IPL विंडो को भी मिला ग्रीन सिग्नल

दुबई। दुनियाभर में टी-20 लीग के बढ़ते दबदबे के बावजूद इंटरनेशनल मैचों की संख्या में इजाफा होने जा रहा है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने साल 2023 से 2027 तक के लिए फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम (FTP) जारी कर दिया है।




इन पांच सालों में ICC के 12 फुल मेंबर्स कुल 777 इंटरनेशनल मैच खेलेंगे। इनमें 173 टेस्ट, 281 वनडे और 323 टी-20 इंटरनेशनल मैच शामिल हैं। 2019-2023 के पिछले FTP में कुल 694 मैच शामिल थे। यानी इस बार 81 मैच ज्यादा होंगे। हर साल अप्रैल और मई के महीने में BCCI को IPL का विंडो मिला है। इन दिनों इंटरनेशनल मैच न के बराबर होंगे। नए FTP की सबसे खास बात भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज के मैचों में इजाफा है। अब इस सीरीज में 5 टेस्ट खेले जाएंगे। 1992 के बाद यह पहली बार होगा जब बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 5 टेस्ट खेले जाएंगे। पिछले कुछ सालों से इस सीरीज में 4 टेस्ट मैच ही होते थे। 2023-2027 के बीच भारत और ऑस्ट्रेलिया 5 टेस्ट मैचों की 2 सीरीज खेलेंगे। एक सीरीज ऑस्ट्रेलिया में और एक भारत में होगी।

### 40 वनडे ज्यादा खेले जाएंगे

*पिछली FTP की तुलना में अगली बार 22 टेस्ट, 40 वनडे और 25 टी-20 मैच ज्यादा खेले जाएंगे। ICC के इस कदम से यह बात भी निराधार साबित हो गई कि वह वनडे क्रिकेट पर ध्यान नहीं दे रही है। कई एक्सपर्ट वनडे क्रिकेट की घटती संख्या पर चिंता जता रहे थे। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के अगले दो राउंड में कौन सी टीम किससे मुकाबला करेगी यह जानकारी भी सामने आ गई है।*

# एशिया कप में विराट और रोहित दिखाएंगे अपना प्रदर्शन




**नई दिल्ली** । टी20 इंटरनेशनल में सबसे पहले 3500 रन कौन पूरा करता है? इसको लेकर तीन बल्लेबाजों के बीच काफी कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के दौरान मार्टिन गप्टिल इस आंकड़े के सबसे करीब पहुंचे, लेकिन तीन रन से चूक गए। टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन फिलहाल गप्टिल के नाम ही दर्ज हैं, लेकिन टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली भी उनसे ज्यादा पीछे नहीं हैं। गप्टिल के खाते में 3497 रन हैं, वहीं रोहित उनसे 10 रन पीछे 3487 के आंकड़े पर हैं। विराट कोहली के खाते में 3308 रन हैं। 27 अगस्त से एशिया कप खेला जाना है और टीम इंडिया को अपना पहला मैच इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ 28 अगस्त को खेलना है। रोहित को 3500 रनों के आंकड़े तक पहुंचने के लिए 13 रनों की जरूरत है, वहीं विराट कोहली को 192 रन बनाने होंगे।

## एक नजर

# नीदरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले पाकिस्तान को लगा झटका



**नई दिल्ली** । बाबर आजम की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम नीदरलैंड के खिलाफ मंगलवार 16 अगस्त से रॉटरडैम में शुरू होने वाली वनडे सीरीज के लिए पूरी तरह तैयार है। आईसीसी वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर विराजमान पाकिस्तान की टीम 18 और 21 अगस्त को भी एक बार फिर से मेजबान टीम से भिड़ेगी। तीन मैचों की ये सीरीज आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप सुपर लीग का हिस्सा है, जहां मेहमान टीम 90 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। बाबर की टीम तीनों मैच जीतकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल करने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान के प्रमुख खिलाड़ियों के पास कुछ मील के पत्थर हासिल करने का मौका है। नंबर वन वनडे प्लेयर बाबर आजम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 शतक जड़ने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान बनने के लिए एक और शतक की जरूरत है। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को 1000 एकदिवसीय रन पूरे करने के लिए 18 और रनों की आवश्यकता है।

# स्टोइनिस ने पाकिस्तानी गेंदबाज के बॉलिंग एक्शन पर उठाई उंगली

**नई दिल्ली** । ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस इस समय इंग्लैंड में जारी द हंड्रेड लीग में खेल रहे हैं। इसी लीग के एक मैच में ओवल इनविन्सिबल्स के खिलाफ मार्कस स्टोइनिस ने एक ऐसी हरकत की, जिसकी वजह से उनकी जमकर आलोचना हुई। हालांकि, अच्छी बात ये है कि उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जाएगा। दरअसल, साउथर्न ब्रेव के लिए द हंड्रेड लीग में खेल रहे मार्कस स्टोइनिस को 142 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से फेंकी गई एक शॉर्ट बॉल पर पाकिस्तान के गेंदबाज मोहम्मद हसनैन ने आउट कर दिया था। आउट होने के बाद जब वे डगआउट में लौट रहे थे तो पाकिस्तानी गेंदबाज के बॉलिंग एक्शन पर आरोप लगाते हुए दिखाई दिए थे। हालांकि, द हंड्रेड के इस मैच के दौरान मोहम्मद हसनैन के एक्शन की लीगलिटी पर सवाल उठाने वाले मार्कस स्टोइनिस को औपचारिक रूप से कोई सजा नहीं दी जाएगी। क्रिकइंफो की मानें तो आउट होकर जाते हुए स्टोइनिस ने हसनैन के बॉलिंग एक्शन की नकल की थी। इस वजह से मैच रेफरी ने उनको बुलाया था।



भारत के वो रिकॉर्ड जिन्हें तोड़ना पाकिस्तान के लिए मुश्किल

# वर्ल्ड कप में लगातार 12 मैचों में दी मात, घरेलू मैदान पर 112 टेस्ट जीते



**मुंबई** । 27 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में लगभग एक साल बाद भारत-पाकिस्तान का मुकाबला होने जा रहा है। ये मैच 28 अगस्त को खेला जाएगा। टी-20 वर्ल्ड कप 2021 में पाकिस्तान से हारने के बाद टीम इंडिया PAK टीम से बदला लेने के इरादे से उतरेगी। ऐसे में आइए आपको क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में भारत के उन 5 रिकॉर्ड के बारे में बता रहे हैं जिन्हें तोड़ना पाकिस्तान के बस की बात नहीं है।

टीम इंडिया के नाम टी-20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा 200 या उससे अधिक का स्कोर बनाने का रिकॉर्ड है। भारतीय टीम ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 21 बार 200 या 200+ का स्कोर खड़ा किया है।पाकिस्तान की टीम 10 मौकों पर ही ऐसा कर सकी है।

### 2. घर में सबसे ज्यादा टेस्ट जीते

टीम इंडिया ने अपने घर में 112 टेस्ट मैच जीते हैं, जबकि पाकिस्तान अपने घरेलू मैदान पर महज 60 मुकाबले ही जीत सका है। दोनों के बीच 52 जीत का फासला है। ऐसे में भारत की बराबरी करना पाकिस्तान के बस की बात नहीं है। इतना ही नहीं, भारतीय टीम 2012-13 से घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज में अजेय रही है। आखिरी बार उसे इंग्लैंड ने 2-1 से हराया था।

जिम्बाब्वे दौरे में चोटिल सुंदर की जगह लेंगे शहबाज

# टीम इंडिया में मौका मिला, 18 अगस्त को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में पहला मुकाबला खेलेंगे

**मुंबई।** हरियाणा के स्पिन ऑलराउंडर शहबाज अहमद को जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया में शामिल किया गया है। वे चोटिल वाशिंगटन सुंदर की जगह लेंगे। एक काउंटी मैच के दौरान वाशिंगटन सुंदर के कंधे में चोट लगी है।

BCCI ने बुधवार को बताया कि शहबाज हरारे स्पोर्ट्स क्लब में 18 अगस्त को पहले वनडे मुकाबले में टीम इंडिया का हिस्सा होंगे। बोर्ड ने दौरे के लिए टीम भी घोषित की है।

### अब टीम में दो लेफ्टी स्पिन ऑलराउंडर




शहबाज के शामिल किए जाने से टीम इंडिया में अब 2 लेफ्टी स्पिन ऑलराउंडर हो गए हैं, क्योंकि अक्षर पटेल पहले से ही टीम का हिस्सा है। यहां बता दें कि रवींद्र जडेजा भी लेफ्टी स्पिन ऑलराउंडर हैं, लेकिन वे इस दौरे में टीम का हिस्सा नहीं हैं।

टीम इंडिया जिम्बाब्वे पहुंच चुकी है। टीम के खिलाड़ी वहां प्रैक्टिस में जुटे हुए हैं। एक दिन पहले बोर्ड ने एक दिन पहले टीम के प्रैक्टिस करते हुए फोटो पोस्ट किए थे।

बाएं हाथ के ऑलराउंडर शहबाज ने IPL -2022 में अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया है। उन्होंने 120.99 की स्ट्राइक रेट से 219 रन बनाए हैं।

दिव्यांगजनों को मिले शासन की योजनाओं का लाभ

# कमिश्नर धावड़े समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



**जगदलपुर।** कमिश्नर श्री श्याम धावड़े ने बस्तर संभाग के दिव्यांगजनों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। बुधवार को कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने कहा कि दिव्यांगजनों के प्रति लोगों का नजरिया में बदलाव लाना जरूरी है। उन्होंने दिव्यांगजनों की दिव्यांगता जांच कर उन्हें प्रमाण पत्र सहित सहायक उपकरण प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगों को राशन कार्ड, पेंशन और यूडीआईडी कार्ड सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए।

कमिश्नर श्री धावड़े ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजनों के कल्याण की योजनाओं, राजस्व विभाग द्वारा किए जा रहे मसाहाती सर्वेक्षण और जलजीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की।

कमिश्नर श्री धावड़े ने राज्य शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को हो रही समस्याओं के निराकरण पर जोर देते हुए सभी जिला के समाज कल्याण के अधिकारियों से दिव्यांगजनों के लिए मेडिकल बोर्ड के द्वारा दिव्यांगजनों का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, यूडीआईडी कार्ड जारी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने संभाग में पूर्व के सर्वे रिपोर्ट में चिन्हांकित 43 हजार से अधिक व्दियांगजनों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ-साथ दिव्यांगजनों का नवीन सर्वे कार्य में आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र की प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक उपकरण देने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने दिव्यांगजन छात्रवृत्ति के संबंध में भी आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश अधिकारियों दिए। कमिश्नर श्री धावड़े ने दिव्यांगजनों की पहचान के लिए विशेष शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजनों को स्वरोजगार हेतु बैंकों से ऋण सुविधा उपलब्ध कराने तथा उनकी समस्याओं का निराकरण करने पर जोर दिया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को प्रिकॉशन डोज का टीकाकरण में आवश्यकता प्रगति लाने के निर्देश दिए। मलेरिया डेंगू की रोकथाम, सर्पदंश, उल्टी-दस्त संस्थागत प्रसव की स्थिति, मातृ मृत्यु दर, एनीमिक, बाईक एम्बुलेंस हाट बाजार क्लीनिक के संचालन की भी समीक्षा की।

कमिश्नर ने पंचायत विभाग के उप संचालक को समाज कल्याण विभाग के कार्यों में सहयोग के साथ ही राज्य शासन द्वारा लागू की गई पेसा कानून के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने पेसा कानून के प्रावधानों का वाचन ग्राम सभा में किए जाने के लिए निर्देशित किया।

कमिश्नर ने बस्तर के मसाहती सर्वेक्षण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अमले को मसाहती सर्वे में ग्राम सभा का अनुमोदन, नजरी नक्शा, अभिलेख तैयार करना और पर्यावास का अधिकार प्रदान करने के लिए सेटेलाइट इमेज हेतु आवश्यक कार्यवाही शीघ्रता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके लिए जनप्रतिनिधियों और समाज प्रमुखों का आवश्यक सहयोग लेने के निर्देश दिए, ताकि इन मसाहती ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित कर शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की भी समीक्षा की गई तथा सभी घरों में नल के माध्यम से पानी पहुंचाने के इस कार्य को शीघ्रता के साथ क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में देवगुड़ी का स्थल का चिन्हाकंन के लिए बेहतर कार्य के लिए संभाग के सभी जिलों की सराहना की। सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र के लिए आवश्यक दस्तावेज में ग्राम सभा के प्रस्ताव को प्राथमिकता देने तथा वन अधिकार मान्यता पत्र एवं ऋणपुस्तिका का वितरण के लिए शिविरों के आयोजन के निर्देश दिए गए।

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्राधिकृत अधिकारी शंकर ध्रुवा ने किया पदभार ग्रहण

### शपथ ग्रहण और किसान सम्मेलन में प्रभारी मंत्री, सांसद सहित संभाग के विधायक एवं जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

**जगदलपुर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी श्री शंकर ध्रुवा ने पदभार ग्रहण किया। बुधवार 17 अगस्त को शहीद वीर नारायण सभागार में समारोह में प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा के प्रतिनिधि के तौर पर सांसद श्री दीपक बैज ने शपथ ग्रहण की विधि पूरी करवाई। इस अवसर पर संसदीय सचिव श्री रेखचंद जैन, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री चंदन कश्यप, बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी, चित्रकोट विधायक श्री राजमन बेंजाम, अंतागढ़ विधायक श्री अनूप नाग, वनोपज सहकारी समिति के कांकेर जिलाध्यक्ष श्री नितिन पोटाई, जगदलपुर महापौर श्रीमती सफीरा साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित थे।

श्री शंकर ध्रुवा ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा उन्हें सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करने का एक अवसर प्रदान किया है। इसी कड़ी में आज वे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर शपथ ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर में 1949 से यह बैंक निरंतर किसानों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। वर्तमान में 46 बैंक शाखा और 258 सहकारी समितियां संचालित हैं।

## माताओ ने हलषष्ठी पर्व में पूजा अर्चना कर संतान के दीर्घायु की मांगी दुआ

**फरसगांव।** फरसगांव नगरीय क्षेत्र के साथ साथ बड़ेडोंगर ग्रामीण अंचल क्षेत्र में माताओ के द्वारा हलषष्ठी पर्व के मौके पर व्रत रखा गया साथ ही छट माता, शिव पार्वती व गणेश भगवान की पूजा अर्चना कर अपने अपने संतानो की लम्बी उम्र की दुआ मांगी



### हलषष्ठी पर्व की विशेषता

हलषष्ठी पर्व के मौके पर माताओ ने व्रत रखकर प्रात: में महुआ दातुन किया और सभी माताये एकत्रित होकर मंदिर या घर के आँगन में गड्ढा खोदकर छट माता, शिव, पार्वती, गणेश व कार्तिकेय भगवान की पूजा अर्चना की और संतान की लम्बी उम्र की दुआ मांगी, वही पर्व के मौके पर भैंस का दूध, दही, घी, पसेर चावल व सात प्रकार की भाजी से प्रसाद बनाकर उसी का सेवन किया जाता है हलषष्ठी की कथा सुनाकर माताओ के प्रणाम पश्चात पूजा पूर्ण मानी जाती है और प्रसाद ग्रहण किया जाता है ।

### पुजा के दौरान वर्जित

जिन स्थानों में हल जुताई का प्रयोग किया जाता है उस स्थान में उगाई गई किसी भी वस्तु का उपयोग पूजा और प्रसाद के रूप में नहीं किया जाता है साथ ही गाय के दुध, दही और घी भी वर्जित रहता है ।



जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक संपन्न

## हर घर नल कनेक्शन को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश

**कोण्डागांव।** जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले के ग्रामीण ईलाकों में हर घर नल कनेक्शन को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही हरेक ग्राम पंचायत के स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, आश्रम-छात्रावास, स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, हाट-बाजार स्थल ईत्यादि सार्वजनिक स्थलों पर नल कनेक्शन सुनिश्चित किया जाये। उक्त निर्देश कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री दीपक सोनी ने कलेक्टोरेट में आयोजित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होने जल



जीवन मिशन के कार्यों को तकनीकी मापदण्डों के अनुरूप पूरी गुणवता के साथ किये जाने कहा। इन कार्यों को तेजी के साथ संचालित कर अद्यतन प्रगति लाये जाने के निर्देश दिए। उन्होने इस दिशा में संचालित कार्यों का नियमित रूप से मानिटरिंग कर तकनीकी एवं गुणवता के मापदण्डों का परिपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान 19 ग्रामों की योजनाओं का प्रशासकीय स्वीकृति तथा 52 ग्रामों की योजनाओं का पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति का अनुमोदन किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर एवं उप संचालक कृषि श्री मनोज केसरिया, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री संकल्प साहू, ईई जलसंसाधन श्री टीआर मेश्राम, ईई पीएचई श्री मरकाम तथा अन्य सदस्य अधिकारी मौजूद थे।

## आधार लिंक करने की प्रक्रिया की दी जानकारी

**कोण्डागांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदाताओं के आधार डाटा कलेक्शन एवं फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आहर्ता के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं मीडिया कर्मियों हेतु मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विशेष कार्यशाला आयोजित की गई थी।



इस कार्यशाला में चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त कार्यक्रम के तहत आहर्ता तिथि 01 जनवरी 2023 तक होने के संबंध में जानकारी दी गई। जिसे मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण, मतदाता सूची शुद्धिकरण पत्र, मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में व्यापक रूप से जोड़ने एवं डुप्लीकेट मतदाताओं का नाम हटाने एवं मतदाताओं के आधार डाटा कलेक्शन के कार्य के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विचार विमर्श किया गया।

इसमें ट्रेनर द्वारा बताया गया कि मतदाता पहचान पत्र के साथ आधार लिंकेज की प्रक्रिया सरल है, इसे भारत निर्वाचान आयोग के एनव्हीएसपी पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। इसके साथ ही मतदाता वोटर हेल्पलाईन एप्प के जरिये वोटर आईडी के साथ आधार लिंक कर सकते हैं। इस दौरान मास्टर्स ट्रेनर्स वेणु गोपाल राव ने वोटर हेल्प लाईन एप्प के जरिये वोटर आईडी से आधार लिंक की प्रक्रिया से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

## अजेय भारत ने स्वतंत्रता दिवस की मनाई खुशियां, मशाल रैली में जुटे लोग

**दुर्ग ।** स्वतंत्रता दिवस पर अजेय भारत सामाजिक सेवा समिति ने राष्ट्रप्रेम का बड़ा संदेश दिया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति डॉ एनपी दीक्षित द्वारा कसारीडीह चौक में पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। समारोह की अध्यक्षता दुर्ग नगर निगम में वित्त एवं लेखा विभाग प्रभारी दीपक साहू ने की। ध्वजारोहण उपरांत देशभक्ति गीत- संगीत का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपने गीतों के माध्यम से माहौल को देश भक्तिमय बना दिया। समारोह का संचालन अखिलेश मिश्रा और आभार प्रदर्शन संजय डहरवाल ने किया। इसके



पहले स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर समिति ने विशाल मशाल पदयात्रा निकाली।यह मशाल पदयात्रा प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी विश्वविद्यालय भवन केलाबाड़ी से प्रारंभ होकर कसारीडीह, आजाद चौक, कन्हैयापुरी चौक, मुक्त नगर के मार्ग का भ्रमण कर आदर्श नगर महाराजा चौक पहुंचकर समाप्त हुई। पदयात्रा में समिति के कार्यकर्ता अपने हाथों में मशाल लेकर वंदे मातरम- भारत माता के जयकारे लगाते रहे।

जिससे पूरे पदयात्रा में लोग देश प्रेम से सराबोर रहे। पदयात्रा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की बहनों एवं भ्राताओ ने भी सहभागिता दी। पदयात्रा में पार्षद दीपक साहू



,भास्कर कुंडले, अखिलेश मिश्रा, संजय डहरवाल, श्रीकांत समर्थ, ऋषिकांत तिवारी, कंचन शुक्ला, बाबा चौहान, धनेंद्र सिंह चंदेल शैलेंद्र डोटे, योगेश ठाकुर ,भारतेंदु गौतम, संतोष यादव, अजय सुरपाम, संतोष शिरोडकर, प्रकाश शिवणकर, संजय सिंह, सुधीर वाघ, अतुल मढारिया, शंकर विश्वास, आशीष श्रीवास्तव, दीपक उमरे, बल्ला देशमुख, अभय तिवारी, रविंद्र चंदेल, राकेश कुमार, गोपी सहगल, जीवन चंद्राकर के अलावा क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में जुटे।

एनएसयूआई नेता लक्की मिश्रा पर जानलेवा हमला

## पांच के खिलाफ मामला दर्ज पुलिस कर रही जांच

### बिलासपुर । बिलासपुर के सरकंडा थाना क्षेत्र में ठेकेदारी को लेकर हुए विवाद में युवकों ने एनएसयूआइ के प्रदेश महासचिव लक्की मिश्रा को कार से उतारकर पिटाई कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। इसके बाद कमाई में हिस्सा मांगने लगे।



इसका विरोध करने पर युवकों ने एनएसयूआइ महासचिव के दोस्त से भी मारपीट की। छात्र नेता ने इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सरकंडा मुक्तिधाम चौक के पास रहने वाले लक्की मिश्रा एनएसयूआइ के प्रदेश सचिव हैं। इसके साथ ही वे ठेकेदारी भी करते हैं।

सोमवार की दोपहर दो बजे वे अपने साथियों राहुल सिंह, विवेक साहू के साथ सुभाष चौक से अपने घर की ओर जा रहे थे। सुभाष चौक के पास युवकों की भीड़ लगी थी। छात्र नेता अपनी कार को किनारे से निकाल रहे थे। इसी दौरान नूतन चौक के पास रहने वाले पींकू पांडेय ने उनकी कार को रोक लिया। साथ ही बहुत कमाने की बात कहते हुए अपना और अपने साथियों का ध्यान रखने के लिए कहने लगा। इस दौरान वह गाली-गलौज भी कर रहा था। छात्र नेता ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। इस पर पींकू के साथियों हिमांशु राई, अवि ठाकुर, राहुल मिश्रा, हर्षित राई ने छात्र नेता को कमाई करने और अपना ध्यान नहीं रखने की बात कहते हुए कार से खींचकर निकालने लगे। झूमाझटकी के दौरान छात्र नेता के गले से सोने की चेन गिर गया।

## एक नजर

### सेना में भर्ती हेतु ऑनलाइन एप्लीकेशन 03 सितंबर तक

रायपुर में 13 से 22 नवंबर तक आयोजित की जाएगी भर्ती रैली

**कोण्डागांव।** भारतीय सेना में कार्य करने के इच्छुक युवाओं के लिए सेना के द्वारा सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसके तहत छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों से युवाओं को सेना में भर्ती हेतु रायपुर में 13 से 22 नवंबर 2022 तक सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए इच्छुक पुरुष युवाओं हेतु ऑनलाइन एप्लीकेशन एवं रजिस्ट्रेशन 5 अगस्त से प्रारंभ किया गया है। इच्छुक आवेदक सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर जाकर 03 सितंबर 2022 तक अपना आवेदन एवं रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। जिसके माध्यम से वे रायपुर में आयोजित होने वाली 13 से 22 नवंबर 2022 की आर्मी भर्ती रैली में शामिल हो सकेंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए www.joinindianarmy.nic.in पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### एनएमडीसी सीएसआर मद से जिला अस्पताल में बुनियादी चिकित्सा सुविधा हेतु 3 करोड़ 25 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**कोण्डागांव ।** राष्ट्रीय खनिज विकास निगम परिक्षेत्रीय विकास निधि अंतर्गत जिला प्रशासन एवं एनएमडीसी नगरनार के मध्य पूर्व में किये गये अनुबंध के आधार पर वर्ष 2021-22 में स्वीकृत कोविड संक्रमित रोगियों के उपचार हेतु बुनियादी चिकित्सा सुविधा के लिए 3 करोड़ 25 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति कलेक्टर श्री दीपक सोनी के द्वारा प्रदान की गयी है। इस हेतु संशोधित प्रावधानों के अनुरूप योजना के शर्तों का कड़ाई से परिपालन कर कार्य को सुनिश्चित किये जाने के निर्देश क्रियान्वयन एजेंसी सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल कोण्डागांव को दिए गए हैं।

### बाइक चोर पकड़ाया

**राजनांदगांव ।** डोंगरगढ़ पुलिस ने चोरी की बाइक को बेचने के लिए ग्राह की तलाश कर रहे चोर को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक चोरी की बाइक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में खड़ा है। जिस पर डोंगरगढ़ थाने से पुलिस की टीम रवाना हुई, और मुखबिर के बताए स्थान पर जार आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से बाइक जब्त की गई। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम अरविंद कुशवाह पिता नत्थू कुशवाह निवासी अटल आवास कमान नं. 03भुटवाटोला वार्ड नं. 20 डोंगरगढ़ बताया।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग ।** शिक्षा सत्र 2022 - 23 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति में पंजीयन हेतु जिले में समस्त शासकीय व अशासकीय विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक, आई.टी.आई. में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से आनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। ऑनलाईन आवेदन के लिए वेबसाइट पर आवेदन कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2022 तक निर्धारित किया गया हैं। विस्तृत जानकारी हेतु आदिवासी विकास विभाग कार्यालय दुर्ग से संपर्क कर सकते है।

### सेक्स रैकेट को भंडाफोड़,तीन युवक-तीन युवतियां पकड़ाई

**बिलासपुर ।** सिविल लाइन थानक्षेत्र के महाराणा प्रताप चौक स्थित नगर निगम कालोनी में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। मामले में पुलिस ने बिलासपुर तहसील के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी समेत तीन युवकों एवं तीन युवतियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना पुलिस को महाराणा प्रताप चौक के पास स्थित नगर निगम कालोनी में लंबे समय से सेक्स रैकेट संचालित किये जाने की सूचना मिल रही थी। कालोनी के लोगों द्वारा इसकी लगातार शिकायत की जा रही थी। बुधवार कि सुबह पुलिस को पता चला कि मकान में तीन संदिग्ध युवक आए हुए हैं। वहां पहले से ही युवतियां मौजूद थीं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जवानों ने मकान के एक कमरे से जांजगीर चांपा जिले की जांजगीर स्थित नूतन कालोनी निवासी विजय टंडन पिता मकरान प्रसाद (33), मुकेश कटकवार पिता मुन्नीलाल (35) निवासी कहरापारा जांजगीर, कमलेश कुमार पिता मदनलाल सूर्यवंशी (39) निवासी कनई जांजगीर के साथ ही तीन युवतियों को भी गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में पता चला कि विजय टंडन बिलासपुर तहसील में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में काम करता है। तीनों युवकों ने युवतियों से मोबाइल में संपर्क किया था। इसके बाद युवतियों के बुलाने पर वे महाराणा प्रताप चौक स्थित मकान में आए थे। युवतियां अपने ग्राहकों से मोबाइल के माध्यम से संपर्क करती थीं। फ़िलहाल पुलिस ने सभी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

# नागरिकों की सुविधा के लिए राजस्व प्रकरणों के निराकरण में ना हो देरी- डॉ. अलंग







जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

बिलासपुर के संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने आज अनुविभाग पाली का दौरा कर एसडीएम और तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। डॉ. अलंग ने पाली के एसडीएम, तहसीलदार कार्यालय और हरदीबाजार के तहसील कार्यालय में पहुंचकर राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली। संभागायुक्त ने कलेक्टर संजीव झा की मौजूदगी में राजस्व संबंधी विभिन्न दस्तावेजों और पंजियों का अवलोकन किया। उन्होंने चालू और नस्तीबध्द पुराने प्रकरणों को निकलवाकर केस निपटारे की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। डॉ. अलंग ने पाली एसडीएम और तहसील कार्यालयों में भू अर्जन, नक्शा बटांकन, सीमांकन, डायवर्सन, अर्थदण्ड आदि पंजियों को दो महीने के भीतर अद्यतन करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। साथ ही हरदीबजार तहसील कार्यालय में अपूर्ण पंजियों को एक महीने के भीतर अपडेट करने के निर्देश दिये। संभागायुक्त ने कार्यालय निरीक्षण के दौरान एसडीएम कोर्ट, तहसीलदार कोर्ट, नकल शाखा, डबल्यूबीएम शाखा, नायब नाजिर शाखा एवं उप पंजीयक कार्यालय में जाकर विभागीय कार्यों का जायजा लिया। संभागायुक्त डॉ. अलंग ने राजस्व कार्यालय निरीक्षण के दौरान कार्यालय में काम से आने वाले लोगों से मित्रवत अच्छा व्यवहार करने और उनकी हर संभव सहायता करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों की सुविधा के लिए राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। जिससे किसानों और ग्रामीणों को बार-बार कार्यालय आने की आवश्कता ना हो। संभागायुक्त ने नकल शाखा, सांख्य लिपिक शाखा, शिकायत शाखा, भू-बंटन शाखा, भू-अर्जन शाखा, नजूल शाखा, स्थापना शाखा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने शाखाओं में मौजूद कर्मचारियों और प्रभारी अधिकारियों को अपनी.अपनी शाखा के सभी रिकॉर्ड अद्यतन और व्यवस्थित रखने के सख्त निर्देश दिए। संभागआयुक्त ने अर्थ दंड के प्रकरणों में मिली राशि को चालान द्वारा निर्धारित समय अवधि में शासकीय खाते में जमा कराने और इसका पूरा रिकार्ड पंजी में संधारित करने के भी निर्देश दिए। डॉ. अलंग ने अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों का नियमित निरीक्षण करने भी निर्देश दिए। इस दौरान उप आयुक्त राजस्व अखिलेश साहू, एसडीएम पाली ममता रात्रे, तहसीलदार हरदीबाजार रवि राठौर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## संसदीय सचिव यूडी मिंज ने जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन और रविन्द्र को किया सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जशपुर के रणजीता स्टेडियम में संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन व विधायक कुनकुरी यूडी मिंज और जशपुर विधायक विनय भगत ने जिला जनसंपर्क कार्यालय जशपुर के जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार और कर्मचारी रविन्द्र विश्वकर्मा को छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का बेहतर प्रचार-प्रसार के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष कल्पना लकड़ा, कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक डी. रविशंकर, जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव, वनमण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्यय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने निर्माण इकाईयों की ली समीक्षा बैठक

जिले में चल रहे निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



### निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें-कलेक्टर

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, जल संसाधन विभाग, सेतु, गृह निर्माण मंडल, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं राष्ट्रीय राजमार्ग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने विभाग अंतर्गत सड़क, पुल पुलिया, भवन निर्माण के चल रहे पूर्ण, अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य कर समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ, उपअभियंता ठेकेदार सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए कलेक्टर अग्रवाल ने कहा की क्षेत्र के विकास के लिए एक मजबूत अधोसंरचना का निर्माण जरूरी है। इसके तहत सड़क, पुल पुलिया तथा भवनों जैसे कार्यों के निर्माण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निर्माण विभागो की होती है। इस हेतु विभाग की छवि को बनाए रखने के लिए सभी अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए विशेष ध्यान रखें।कलेक्टर ने आदिम जाति कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के निर्माणाधीन भवनों के कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण कराने के लिए कहा। साथ ही पूर्ण हो चुके भवनों में विद्युत, पानी की व्यवस्था कराकर कर सम्बंधित विभाग को सौंपने के निर्देश दिए। जिससे भवनों का हॉस्टल, विद्यालय के संचालन में उपयोग किया जा सके। कलेक्टर ने कुनकुरी से पत्थलगांव एवं अंबिकापुर से पत्थलगांव के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्यों की जानकारी ली तथा जिन स्थलों के लिए मुआवजा राशि वितरण किया जाना है समयावधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही मरम्मत योग्य स्थानों को जल्द से जल्द मरम्मत कराकर सही करने कहा है। इसी प्रकार उन्होंने कुनकुरी तपकरा लवाकेरा सहित अन्य स्टेट हाईवे के भी गड्ढों की भराव, पेंच वर्क कर रिपेयरिंग पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया। जिससे लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। साथ ही विभागीय अधिकारियों को मौके का सतत रूप से निरीक्षण करने एवं कार्य प्रगति की अद्यतन जानकारी लेने की बात कही। उन्होंने सभी निर्माण विभागों के भू अर्जन के प्रकरणों की भी शीघ्रता से जांच कर सामाजिक समाघात जैसे कार्यवाही पूर्ण कर हितग्राहियों को मुआवजा राशि प्रदान करने के लिए कहा। अग्रवाल ने सभी विभागों को निर्माण कार्यों में किसी तरह की लापरवाही न बरतने और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की बात कही। साथ ही निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब करने वाले अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफकार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## लक्षित समूहों को विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक मिले लाभ-कलेक्टर रानू साहू

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



### बैंक, उद्योग, कृषि एवं संवर्गीय विभाग की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

कृषि विकास एवं कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग अंतर्गत आज सृजन सभाकक्ष में एक दिवसीय बैंक, उद्योग, कृषि एवं संवर्गीय विभाग की कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में कलेक्टर रानू साहू ने सभी विभागीय अधिकारियों को विभागों में संचालित योजनाओं से किसानों एवं लक्षित समूहों को अधिकाधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे। कलेक्टर साहू ने विभिन्न गौठानों में की गई गोबर खरीदी पर समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कुछ गौठानों में कम गोबर खरीदी पर नाराजगी जताते हुए गोबर खरीदी बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने गोबर खरीदी की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक माह पश्चात गोबर खरीदी की पुनः मॉनिटरिंग की जाएगी एवं संतोषजनक प्रगति नहीं दिखने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर साहू ने एसएडीओ को गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के विशेष मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को केसीसी निर्माण में तेजी लाने एवं अधिक से अधिक किसानों को केसीसी से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को बैंक से लिंकेज किए जाने के संबंध में चर्चा की गयी। इस दौरान सहायक संचालक उद्यानिकी ने फल, सब्जी, पुष्प, मसाले, खेती के संबंध में जानकारी देते हुए बाड़ी विकास योजना के लाभ के बारे में बताया। मत्स्य पालन विभाग द्वारा मछली पालन से संबंधित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने मत्स्य पालन के अंतर्गत दी जाने वाली सब्सिडी, जाल वितरण, मत्स्य बीज, प्रधानमंत्री मत्स्य प्रदाय योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पशुपालन विभाग द्वारा राज्य पोषित डेयरी उद्यमिता विकास योजना, बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना, बकरा पालन, सुकरत्रयी पालन योजना, केसीसी जैसे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजन को सहायता राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

खरसिया निवासी शैलेश शर्मा की 16 दिसम्बर 2021 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर एसडीएम खरसिया द्वारा मृतक की पत्नी शशी शर्मा को 25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### तीन तहसीलदार बदले, कलेक्टर रानू साहू ने जारी किया आदेश

घरघोड़ा, तमनार और बरमकेला के तहसीलदारों के प्रभार में हुआ फेरबदल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर रानू साहू ने तीन तहसीलदारों के कार्यभार में फेरबदल किया है। जिसके तहत घरघोडा के तहसीलदार सिद्धार्थ अनंत अब बरमकेला के तहसीलदार होंगे। वहीं बरमकेला में पदस्थ तहसीलदार अनुज कुमार पटेल को तमनार तथा तमनार के तहसीलदार विद्याभूषण साव को घरघोड़ा का तहसीलदार बनाया गया है।

#### राजस्व स्थापना अंतर्गत अन्य कर्मचारियों के प्रभार में हुआ फेरबदल

सहायक अधीक्षक रामरतन अजगल्ले को सहायक अधीक्षक (राजस्व), सहायक अधीक्षक राजेश कुमार मेहरा को सहायक अधीक्षक (सामान्य), सहायक ग्रेड-2 गोविन्द परधान को जिला नाजिर रायगढ़, सहायक ग्रेड-2 विजय सरकार को कमिश्नर कैंप कोर्ट रायगढ़, सहायक ग्रेड-2 पोषण लाल पटवा को संलग्न स्थानीय निर्वाचन कार्यालय रायगढ़, सहायक ग्रेड-3 नेत्रानंद चौहान को अतिरिक्त वरिष्ठ लिपिक शाखा रायगढ़, सहायक ग्रेड-3 दीनदयाल सिदार को राजस्व अभिलेख कोष्ठ रायगढ़, सहायक ग्रेड-3 सुश्री राजकुमारी कंवर को स्थानीय निर्वाचन कार्यालय रायगढ़ एवं सहायक ग्रेड-3 रामप्रसाद सिदार को शिकायत शाखा/सहायक अभिलेखपाल सामान्य अभिलेख कोष्ठ रायगढ़ में पदस्थ किया गया है।

### उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 25 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

तहसील खरसिया अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 एवं 18 संचालक ठाकुरदिया महिला स्व-सहायता समूह तथा वार्ड क्रमांक 15 एवं 16 सहकारी समिति विपणन संस्था मर्यादित द्वारा दुकान चलाने में असमर्थता व्यक्त करते हुए इस्तीफा प्रस्तुत करने के कारण उक्त शासकीय उचित मूल्य की दुकानों को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए नवीन सुचारू संचालन हेतु नवीन आबंटन किया जाना है। जिसके लिए 25 अगस्त 2022 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि तक कार्यालयीन समय में अनुविभागीय अधिकारी (रा.)खरसिया में आवेदन जमा कर सकते है।

उक्त दोनों शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु इच्छुक आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, महिला स्व-सहायता समूह जो 3 माह पूर्व का बिलासपुर सोसायटी पंजीयन संस्था से पंजीकृत हो। समूह/ आ.जा.से.सह.समिति बैंक खाता, पंजीयन प्रमाण-पत्र, अध्यक्ष, सचिव/प्रबंधक का आधार कार्ड की छायाप्रति सहित आबंटन हेतु पंजीयन की छायाप्रति तथा आवश्यक राशि बैंक खाते में जमा होने के प्रमाण-पत्र एवं समूह/ संस्थाओं द्वारा पारित प्रस्ताव संलग्न कर आवेदन जमा कर सकते है।

### महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता रैली का आयोजन आज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सती प्रथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त कर नवीन भारत का निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित कर देने वाले महान विभूति राजा राम मोहन राय की 250 वीं जयंती मनाया जाना है। जिसके संबंध में 18 अगस्त 2022 को प्रात:10 बजे विभिन्न विद्यालयों से लगभग 2500 छात्राओं का रैली का आयोजन शासकीय जिला ग्रंथालय रायगढ़ से प्रारंभ होकर आदर्श बाल विद्या मंदिर सत्तीगुड़ी चौक रायगढ़ में समाप्त होगा। इस कार्यक्रम में महापौर जानकी काटजू मुख्य अतिथि होंगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी छात्रों को गणवेश में उपस्थित होने हेतु कहा है। साथ ही कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को अपने साथ 1 रुपये का रेवेन्यू टिकट लाने हेतु निर्देशित किया है।

सफलता की कहानी

## रोजगार मेले से मिला रोजगार, शारदा बनी आत्मनिर्भर

अब अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति एवं परिवार की कर रही आर्थिक सहायता

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



### छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन को दिया धन्यवाद

जशपुर की सुश्री शारदा की जिंदगी जिला प्रशासन के सहयोग से रोजगार मिलने से बदल गई है। शारदा जिले के शिक्षित बेरोजगारों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बनी है। शारदा बताती है कि वह जशपुर विकासखंड की ग्राम पोरतेंगा की रहने वाली है। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी नही थी। उनके परिवार का जीवन यापन का मुख्य जरिया कृषि कार्य पर निर्भर था। वह अपने 5 सदस्यीय परिवार में माता-पिता, भैया और भाभी के साथ रहती हैं। उनके पिता गंगा सिंह एक किसान है। जहां वे खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। साथ ही अपने परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति करते है। शारदा भी घर के कामों के साथ.साथ अपने परिवार का खेती कार्य में हाथ बटाया करती है। शारदा की प्रारम्भिक पढ़ाई गांव की ही विद्यालय में ही पूरी हुई है। शारदा में शुरुवात से ही अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने का जज्बा रहा है और अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद उसने अपने परिवार को आर्थिक सहयोग करने की ठान ली। पर गांव में रोजगार के अवसर कम होने के कारण उसका सपना पूरा नही हो पा रहा था। इसी कड़ी में जब शारदा को कौशल विकास अन्तर्गत रोजगार मेला की जानकारी हुई। उसे लगा की अब उसकी सफ्लता की पहली सीढ़ी उसे मिल गई है।

शारदा को रोजगार मेले में भाग लेकर शासन की योजनाओं और उनके फ ायदों के बारे में जानकारी मिली और उसने रोजगार के लिए होम हेल्थ केयर नर्सिंग का कार्य करने का फैसला लिया। शारदा के कोर्स में चयन के बाद उसे प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं जॉब प्लेसमेंट भी प्रदान किया गया। आज शारदा संस्थान लाइफ केयर टेकर रायपुर में कार्यरत हैं जहां उसे लगभग 9 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन के साथ ही आवासीय सुविधा प्रदान की गई है। शारदा अब आत्मनिर्भर बन गई है। वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति भी कर पा रही है। साथ ही अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में बढ़ोत्तरी करने में अपने परिवार का सहयोग कर रही है।

## टीबी चैंपियन कर रहे टीबी के प्रति जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

टीबी रोग के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से टीबी चैंपियंस द्वारा जिले में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में टीबी चैंपियन गीता बर्मन द्वारा पेट्रोल पंप पर काम कर रहे कर्मियों को टीबी की पहचान, लक्षणों, बचाव एवं उपचार के बारे में जागरूक किया गया।



टीबी चैंपियन गीता बर्मन बताती है। टीबी के प्रति लोगों में फैली नकारात्मक धारणा को खत्म करना अत्यंत आवश्यक है और लोगों को टीबी रोग की पहचान, लक्षण, बचाव एवं नियमित इलाज के बारे में जानकारी होना जरूरी है। लोगों को यह पता होना चाहिए कि टीबी का प्रसार एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में कैसे होता है। लोगों तक यह सभी बातें बताने के उद्देश्य से ही ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। टीबी रोग मुक्ति के लिए राज्य में काम कर रही रीच संस्था के स्टेट प्रोग्राम मैनेजर फिडियस केरकेट्टा ने बताया राज्य को 2023 तक टीबी रोग मुक्त राज्य बनाने के लिए टीबी चैंपियंस के द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । टीबी चैंपियन वह लोग होते हैं जो पहले टीबी रोग से ग्रसित रहे और अब लोगों के बीच जाकर टीबी के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर कर रहे हैं। और टीबी चैंपियन के माध्यम से टीबी से ग्रसित मरीज को इलाज और बचाव के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त टीबी चैंपियन के द्वारा टीबी रोगियों को मानसिक संबल भी प्रदान किया जाता है कि वह टीबी रोगियों को बताते हैं कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका पूर्ण उपचार कराने पर यह ठीक हो जाती है। जिसका उदाहरण खुद टीबी चैंपियन होता है इसके साथ ही टीबी मरीजों के परिवार के लोगों की भी काउंसलिंग करते है । जिससे उपचारित रोगी और उसके परिजन किसी प्रकार के मानसिक दबाव में न आएं और उपचार कराते रहें।

### कौन है टीबी चैंपियन

टीबी चैंपियन में ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाता है जो टीबी की बीमारी से पूर्ण रूप से स्वस्थ हो चुके हैं इसमें क्षेत्रीय लोगों को ही रखा जाता है ताकि यह लोग आसानी से लोगों के बीच समन्वय स्थापित कर टीबी के रोगियों की पहचान कर सकें और जल्द से जल्द नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में उनकी जांच करा सकें और टीबी रोगियों की जल्द पहचान कर उनको उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

### ऐसे लक्षण है तो जरूरी है जांच

*खांसी का दो सप्ताह या उससे अधिक समय से रहनाए खांसते वक्त बलगम और खून का आना, भूख का कम लगना, वजन लगातार कम होना, शाम को तेज बुखार आना, छाती में दर्द आदि की शिकायत हो तो देर नहीं करते हुए तुरंत ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करवाए और टीबी निकालने पर उसका इलाज शुरू करवाना चाहिए।*

# चिरंजीव दास नगर कालोनी की महिलाओं ने उत्साह पूर्वक मनाया आजादी की 75 वीं वर्षगांठ एवं ग्रीन डे





जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ कौहाकुण्डा चिरंजीव दास नगर कालोनी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यहां की सभी महिलाएं तिरंगे कलर की परिधान पहनकर आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी। वहीं सभी ने मिलकर झण्डा फहराया एवं एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। कालोनी में निवासरत शोभा तिवारी ने कहा कि आज हम आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मना रहे है जो हम देशवासियों के लिए गौरव की बात है। यह दिन ऐतिहासिक अवसर का प्रतीक है। क्योंकि भारत ने अंग्रेजों के अधीन दो सौ वर्षों के दमन और दमन के बाद औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। उन्होंने कहा कि शहीदों को उनके बलिदान के लिए नमन करें और आज हमें एक उज्ज्वल देश देने के लिए उन्हें धन्यवाद दें। इस मौके पर प्रिया शर्मा ने भी सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज इस महान राष्ट्र का हिस्सा होने पर गर्व महसूस करने का दिन है। स्वतंत्रता की यह भावना हम सभी को जीवन में सफलता और गौरव की ओर ले जाता है। इस मौके पर आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी जवानों को सभी ने शत-शत नमन किया। 15 अगस्त के दो दिन पूर्व वहीं कालोनी में सभी महिलाओं ने मिलकर ग्रीन डे भी मनाया और पौधरोपण किया।

जहां सभी महिलाओं ने हरे रंग की पोशाक पहनकर जिलेवासियों को हरियाली का संदेश दे रहे थे। इस अवसर पर श्वेता सिंह क्षत्रिय ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन में बहुत ही महत्व रखते हैं। हर व्यक्ति को अपने जीवनभर में एक पौधा लगाकर उसे पेड़ बनाने तक संभालना चाहिए। हमें पौधे की तब तक देखभाल करनी चाहिए जब तक कि वह एक बड़ा पेड़ नहीं बन जाए। इसके बाद हमें अपने आप पर गर्व महसूस होगा। हमें अपने जीवनकाल में एक पेड़ अवश्य ही लगाना चाहिए। उन्होंने सभी लोगों को अच्छे नागरिक की जिम्मेदारी निभाते हुए अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में एक पेड़ अवश्य लगाने तथा उसे संरक्षित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रिया शर्मा, वर्षा साहू, श्वेता सिंह क्षत्रिय, परमिला शर्मा, जानकी डनसेना, त्रिशा सिदार, संतोषी पटेल, अपराजिता अग्रवाल, पुनीता यादव, शोमा गोस्वामी, हीना देवांगन सहित अन्य महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे।

## भारी बारिश के बाद बांधों से छोड़ा हजारों क्यूसेक पानी

### महानदी और शिवनाथ नदी से निचले इलाकों में बिगड़े हालात

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण और मध्य क्षेत्रों में बारिश ने कहर मचा दिया है। भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। बाढ़ का पानी रिहायशी इलाकों तक पहुंच गया है। धमतरी जिले के गंगरेल बांध से पानी छोड़े जाने के कारण महानदी उफान पर है। वहीं शिवनाथ नदी भी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। बस्तर में इंद्रावती नदी सहित कई नदियों में बाढ़ की स्थिति है।



बिलासपुर संभाग में भी अच्छी बारिश हुई। महानदी व शिवनाथ नदी में बांधों से हजारों क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जिससे डाउनस्ट्रीम के जिलों में बाढ़ के हालात हैं। निचले इलाकों में हालात बिगड़ गए हैं। नदी किनारे बसे गांवों को खाली कराया जा रहा है। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार बारिश से बाढ़ के हालात हैं। नदी-नाले उफान पर है। बांधों से पानी छोड़ा गया है। जिला व पुलिस प्रशासन, आपदा प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि जहां जरूरत पड़े सहायता करें। प्रदेश में कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं। रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग स्थित सिंचाई बांध और डैम लबालब हैं। ऐसी स्थिति में बांधों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके चलते महानदी व शिवनाथ नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। धमतरी जिला स्थित रविशंकर जलाशय से 52 हजार क्यूसेक प्रति सेकंड के हिसाब से महानदी में पानी छोड़ा गया है। सोंढूर बांध से 5 हजार क्यूसेक, सिकासेर से 13 हजार 400 क्यूसेक पानी छोड़ा हो रहा है। शिवनाथ नदी पर बने मोंगरा बैराज, सूखा नाला बैराज और घूमरिया बैराज से 70 हजार क्यूसेक पानी शिवनाथ नदी में छोड़ा गया है, जिससे डाउनस्ट्रीम के जिलों में बाढ़ के हालात हैं।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने पेड़ पर लगाई फांसी

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।



ग्राम पुटुकछार में उस समय सनसनी फैल गई। जब पेड़ पर युवक की लटकती लाश दिखाई दी। मृतक शरवन राठिया पिता रामरतन राठिया उम्र 40 वर्ष ग्राम घोचल थाना कापू का निवासी है। जो घर से निकलकर चला गया था। जिसे परिजन आसपास खोज रहे थे। लेकिन कहीं पता नहीं चल रहा था। तभी 16 अगस्त की रात्रि को क्षेत्र के बीडीसी ने मृतक के परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। तब परिजन पुटुकछार आकर देखे तो जामुन के पेड़ में शरवन की लाश लटक रही थी। जिसकी सूचना परिजनों द्वारा धरमजयगढ़ थाने में दी गई। जिस पर पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

## ग्रामीण उद्यमिता को नई पहचान दे रही समूह की महिलाएं

### वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन के साथ महिलाओं ने शुरू किया पोल्ट्री का काम

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।



सफलता की कहानी

राज्य शासन द्वारा ग्राम के गौठानों को ग्रामीण औद्योगिक केन्द्र के रूप में विकसित करने की योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत करने के लिए महती भूमिका निभा रही। इन गोठान में जहां वर्मी कंपोस्ट निर्माण, मुर्गी पालन, मछली पालन के अलावा औद्योगिक गतिविधियों को भी शामिल किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप महिला समूह को अतिरिक्त रोजगार मुहैया हो रहा है। रोजगार मिलने से महिला समूह आर्थिक रूप से सशक्त होकर आगे बढ़ रही है। आज महिलाएं इन गोठानों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर स्वावलंबी हो रही है। ग्रामीण औद्योगिक केन्द्र हिर्री गौठान में पूर्व में केवल वर्मी कंपोस्ट का कार्य किया जाता था। धीरे-धीरे यहां सभी महिला समूह को रोजगार देने के उद्देश्य से विभिन्न रोजगार मूलक गतिविधियों को शामिल किया गया। जिसमें मुख्य रुप से मछली पालन, मुर्गी पालन जैसे विभिन्न गतिविधियां शामिल थी। पशुपालन विभाग द्वारा ग्राम्यश्री स्व-सहायता समूह की चार महिला समूह को मुर्गी पालन के लिए 1156 चूजों को गोठान में बनी मुर्गी शेड में रखा गया एवं दाना खिला कर बड़ा किया गया। महिला समूह द्वारा नियमित देखभाल एवं समय से दाना-पानी खिलाने से चूजे जल्द विकसित हुए। आज समूह द्वारा इन मुर्गियों को स्थानीय बाजार में बेचा जा रहा है। इसके अलावा महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में मुर्गियों के अंडे की बिक्री की जा रही है। विभिन्न त्योहारों एवं स्थानीय बाजार के माध्यम से समूह द्वारा अब तक 65 हजार रुपये से अधिक अंडों का विक्रय किया जा चुका है। समूह की महिलाएं बताती है कि स्थानीय बाजार में प्रतिदिन 4 दर्जन से अधिक अंडों की बिक्री हो जाती है। आज तक समूह द्वारा मुर्गी एवं अंडे की विक्रय कर 91 हजार रुपये तक की अतिरिक्त आय प्राप्त कर चुके हैं। समूह के इस कार्य को देखते हुए गौठान में अन्य आजीविका संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। जिसमें महिलाएं इस कार्य में निरंतर जुड़ रही है एवं साथ ही अन्य महिलाओं को प्रोत्साहित करने का भी कार्य कर रही है।



## एक नजर

### अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने ऑनलाइन पंजीयन तीन सितंबर तक

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।

भारतीय थल सेना के अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाया जा रहा है। अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने के लिए तीन सितंबर 2022 तक पंजीयन करा सकते है। जिला रोजगार अधिकारी जेपी खाण्डे ने बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन आगामी 13 से 22 नवम्बर को रायपुर में किया जाएगा। भर्ती रैली के तहत जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवरी क्लर्क, स्टोर कीपर टेक्निकल एवं अग्निवीर ट्रेडमैन के पदों पर भर्ती की जाएगी। इस भर्ती रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी का अनिवार्य योग्यता पदवार 8वीं, 10वीं एवं 12वीं है। अभ्यर्थियों का जन्म 1 अक्टूबर 1999 से 1 अप्रैल 2005 के मध्य होना चाहिए। भर्ती रैली में शामिल होने के लिए आवेदकों को वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ज्वाइनइंडियनआर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा द्वारा आवेदकों की सुविधा के लिए थल सेना भर्ती का निःशुल्क आनलाईन रजिस्ट्रेशन के लिए अलग से काउंटर की व्यवस्था की गयी है। आवेदक थल सेना भर्ती के लिए समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यालयीन दिवस एवं समय में उपस्थित होकर निःशुल्क आनलाईन रजिस्ट्रेशन करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नम्बर 9109308593 में संपर्क कर सकते हैं।

### कोतरा समपार फाटक 17 एवं 18 अगस्त को रात्रि 10 बजे से अगली सुबह 7 बजे तक सड़क यातायात के लिए रहेगी बंद

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

सहायक मण्डल अभियंता द.पू.म.रेलवे ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 अगस्त की रात्रि 10 बजे से 18 अगस्त प्रातः 7 बजे तक एवं 18 अगस्त रात्रि 10 बजे से 19 अगस्त 2022 को प्रातः 7 बजे तक रायगढ़ व किरोड़ीमलनगर के बीच स्थित कोतरा मानवयुक्त समपार फाटक कि.मी.-588/13-15 अप रेल लाइन एवं कि.मी.-588/14-16 डाउन लाइन में आवश्यक रेल लाइन के मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात बंद रहेगा।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में गैर शिक्षकीय पदों पर भर्ती हेतु चयन परीक्षा 21 से 22 अगस्त को

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनोरा, दुलदुला, कुनकुरी, फरसाबाहर कांसाबेल एवं पत्थलगांव हेतु गैर शिक्षकीय पद सहायक ग्रेड.2 लेखापाल, सहायक ग्रेड-3, भृत्य एवं चौकीदार के पदों का दस्तावेज सत्यापन 05 से 8 अगस्त 2022 तक किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन के पश्चात् सभी पात्र अभ्यर्थियों का संविदा भर्ती हेतु 21 एवं 22 अगस्त 2022 को 11 बजे से 12 तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय जशपुर में चयन परीक्षा आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि भृत्य एवं चौकीदार के पदों के लिए 21 अगस्त को प्रातः 11 बजे से 12 तक तथा सहायक ग्रेड.2 लेखापाल एवं सहायक ग्रेड-3 के पदों के लिए 22 अगस्त 2022 को प्रातः 11ण्00 बजे से कौशल परीक्षा आयोजित की जायेगी। तद्नुसार भृत्य एवं चौकीदार के अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हेतु प्रवेश पत्र जिले के वेबसाईट पर अपलोड किया गया है। अभयर्थी वेबसाईड से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे।

### बकायदारों की सुविधा हेतु एक मुश्त निपटान योजना की अवधि 31 मार्च 2023 तक बढ़ाई गई

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

परिवहन विभाग द्वारा बकायदारों की सुविधा हेतु वन.टाईम सेटलमेंट एकमुश्त निपटान योजना लायी गई थी। जिसकी अवधि 31 मार्च 2022 तक लागू किया गया था। उक्त योजना की तिथि को पुनः 02 अगस्त 2022 को इस योजना को आगामी अवधि 31 मार्च 2023 तक लागू किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत मासिकए त्रैमासिक वाहनों में 01 अप्रैलए 2013 से 31 दिसम्बर, 2018 तक अधिरोपित लंबित शास्ति की राशि में पूर्णतः छूट के साथ वाहनों में लंबित कर एवं अधिरोपित ब्याज देय होगा। उन्होंने कहा कि वाहन स्वामी एकमुश्त निपटान योजना के अंतर्गत मासिक/त्रैमासिक टैक्स जमा करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय जशपुर में संपर्क कर इस योजना का लाभ 31 मार्च 2023 तक ले सकते है। निर्धारित अवधि में टैक्स जमा नहीं करने पश्चात् टैक्स में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी। उन्होंने बताया कि बकाया टैक्स जमा नहीं करने की स्थिति में छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम में करए उस यान पर, जिसके कि संबंध में वह शोध्य है।

## रामदास द्रौपदी फाउंडेशन और रेल परिवार रायगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया पौधरोपण

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।





रामदास द्रौपदी फाउंडेशन व रेल परिवार रायगढ़ ने निर्माणाधीन आरओबी के दोनों ओर कोतरारोड रेलवे फाटक के पास संयुक्त रूप से पौधरोपण किया। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय रेल प्रबंधक एमएम लाल, एई ऑपरेशन राममूरत राम, मुख्य स्टेशन प्रबंधक पीके राउत, बीएस सरकार, दिलीप मोडक, राजेश सिंह, संजय मिश्रा, एसएस नरोया, देवेन्द्र और चरण मांझी सहित दर्जनों अधिकारी व कर्मचारी आदि ने उपस्थित होकर पौधरोपण किया। रामदास द्रौपदी फाउंडेशन की ओर से कार्यक्रम संयोजक रामनंदन यादव ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में फलदार और छायादार पौधे रोपित किए गये। उन्होंने यह भी बताया कि इस अवसर पर क्षेत्रीय रेल प्रबंधक एमएम लाल ने रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे इस मुहिम की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि हमने अपने पर्यावरण का संतुलन अपने विकास की होड़ में बिगाड़ दिया है। यही कारण है कि हमारे समक्ष पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं और इसका निराकरण भी हम सबको मिलकर ही करना पड़ेगा। जिसमें रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा किया जाने वाला कार्य मुक्त कंठ से प्रशंसा योग्य है। आज हम मानवों के समक्ष पर्यावरण से संबंधित खड़ी चुनौतियां छोटी हैं, इसलिए इसका निराकरण भी हम मानवों के हाथ में हैए लेकिन जब यही चुनौतियां बड़ी हो जाएंगी। तब वह चुनौतियां मानव के लिए अति विध्वंस कारी होंगी और उस समय हमारे पास पछतावे के अलावा कुछ और नहीं बचेगा। यही कारण है कि रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे अभियान की मुक्त कंठ से प्रशंसा होनी चाहिए।

## आजादी के 75 वें वर्ष और आर्थिक आजादी की ओर बढ़ता भारत

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।






आजादी के अमृत महोत्सव पर आर्थिक विशेषज्ञों की राय भले ही अलग-अलग हो पर निवेश जगत यह मानता है कि भारत बहुत तेजी से आर्थिक आजादी की ओर बढ़ रहा है क्योंकि सबसे युवा जनसंख्या हमारे ही देश में है जबकि अन्य देशों में युवा जनसंख्या धीरे धीरे कम हो रही है। अब युवाओं को यह भली-भांति समझ में आने लगा है कि यदि आगे बढ़ना है तो अपने अंदर कोई होना हुनर पैदा करना होगा केवल नौकरी के भरोसे आगे नहीं बढ़ा जा सकेगा। व्यवसाय व्यापार कोई छोटा नहीं होता हमने बहुत से ऐसे उदाहरण देखे हैं जिनमें हमारे देश के युवाओं ने अपनी सकारात्मक सोच और रचनात्मकता के साथ ऐसे-ऐसे व्यापार व्यवसाय खड़े किए हैं जो कि अविश्वसनीय लगते थे। किसी भी देश की तरक्की को देखना हो तो उसके कई पैमाने होते हैं उनमें से एक पैमाना शेयर बाजार है और हम देख चुके हैं कि कोरोना काल में जब विदेशों के शेयर बाजार 35 प्रतिशत तक टूट गए थे तब हमारे देश में केवल 15 प्रतिशत की गिरावट आई थी और जैसे ही कोरोना काल शिथिल हुआ देखते ही देखते बाजार ने वापस बढ़कर दिखा दिया ऐसा इसलिए हुआ कि अब हम विदेशी निवेशकों के भरोसे नहीं है। हमारे देश का ही निवेश अब स्टॉक मार्केट की ओर आने लगा है। यह सारे विचार बेंगलुरु में 14 वे म्यूच्यूअल फंड राउंड टेबल सम्मेलन में विशेषज्ञों द्वारा व्यक्त किए गए इससे साफ जाहिर है कि आने वाले दिन शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड के हैं। यह एक तथ्यात्मक आंकलन है यह भी सच है कि परिस्थितियां बदलती रहती हैं। रायगढ़ से निवेश की दुनिया में स्थापित निवेश सलाहकार मोटवानी बंधुओं की ख्याति अपने कार्यकुशलता,पोर्टफोलियो मैनेजमेंट,और पेशेगत ज्ञान के कारण चहुंओर फैलती ही जा रही है। बेंगलुरु में में आईसीआईसीआई म्यूच्यूअल फंड ने कर एवं निवेश सलाहकार हीरा मोटवानी को जहां इंपीरियल केटेगरी में स्थान देते हुए उनका सम्मान किया वही पोर्टफोलियो मैनेजमेंट में दक्ष जवाहर मोटवानी को तरक्की सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर हीरा मोटवानी ने कहा कि हम अपने पूज्य पिता स्वर्गीय लालचंद मोटवानी के बताए हुए मार्ग पर पूरी कर्मठता से चलते हुए अपने माननीय निवेशकर्ताओं को अपनी सेवाएं दे रहे हैं यह पुरस्कार भी हम अपने स्व. पिता के चरणों में समर्पित करते हैं। वही जवाहर मोटवानी ने कहा कि महंगाई से बचने का केवल एक ही रास्ता बचा है वह है स्टॉक मार्केट और जो लोग स्टॉक मार्केट में लेनदेन करने से डरते हैं उनके लिए सबसे अच्छा ऑप्शन बचता है म्यूचुअल फंड जहां स्टॉक मार्केट के मुकाबले कम रिस्क रहता है। यदि हम सही समय पर निर्णय लेते हुए अपने फंड को विभिन्न योजनाओं में परिवर्तित कर सके तो म्यूचुअल फंड से लगभग 12 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक का रिटर्न हमें मिल सकता है। जो महंगाई के आंकड़े को पार करते हुए हमें अपने निवेश पर पर्याप्त रिटर्न दे देता है। हम निवेशकों को ऑनलाइन भी अपनी सेवाएं देते हैं। दोनों भाइयों ने इस सम्मान के लिए अपने निवेशकों तथा आईसीआईसीआई म्यूचुअल फंड के सीईओ निमेश शाह,फंड मैनेजर और एस नरेन एवं छत्तीसगढ़ की टीम के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in